www.sutrakarsamachar.com
सब्सक्राइब करें

वर्ष : 60, अंक : 115
रांची, शनिवार
27 अप्रैल 2024
पेज -08, मूल्य : 3 रुपया
बैशाख कृष्ण पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत, 2081

सच का पैरोकार
सूत्रकार

DL No.30/2022 रांची व कोलकाता से प्रकाशित

आज और कल आसमान में छाए रहेंगे बादल, दो दिन गरमी से मिलेगी राहत

न्यूज फ्लैश

तीस हजार घूस लेते बलियापुर का ब्लॉक को-आर्डिनेटर गिरफ्तार

धनबाद, सूत्रकार

धनबाद एसीबी की टीम ने शुक्रवार को बलियापुर ब्लॉक के को-ऑर्डिनेटर जयंत कुमार दे को तीस हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है ।एसीबी की इस कार्यवाही से बलियापुर ब्लॉक में हड़कंप मच गया है। जयंत एक ठेकेदार से पांच लाख रुपये का बिल पास करने के एवज में तीस हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा था, नहीं देने पर उनका भुगतान रोक रखा था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस उसे अपने साथ धनबाद ले गई है।

जयंत कुमार दे बलियापुर ब्लॉक में को-ऑडिनेटर के पद पर सेवा दे रहा है। बलियापुर ब्लॉक के भिखराजपुर के ठेकेदार मोहम्मद इरशाद से पांच लाख का बिल पास करने के लिए 30 हजार रुपये घूस की मांग की थी। मोहम्मद इरशाद ने बलियापुर के गोलमारा, हरि मंदिर आदि क्षेत्र में पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य किया था। ठेकेदार संबंधित कार्य का बिल पास कराने को लेकर लगातार कार्यालय का चक्कर लगा रहा था। लेकिन बिना रिश्वत रकम के बिल पास नहीं हो रहा था। ठेकेदार से तीस हजार रुपये की मांग की जा रही थी। तब उन्होंने मामले की लिखित जानकारी एसीबी को दी। इसके बाद एसीबी की टीम ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए 30000 हजार घूस की रकम के साथ जयंत कुमार दे को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को उसे जेल भेजा जाएगा।

पटाखों की आग से एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत

दरभंगा, एजेंसी

बिहार के दरभंगा जिले के बहेड़ा थाना अंतर्गत अंटोर गांव में बृहस्पतिवार-शुक्रवार की दरमियानी रात विवाह समारोह के दौरान आतिशबाजी से लगी आग में एक परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस घटना में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने इस घटना को अत्यंत दुखद बताते हुए घायल लोगों के समुचित इलाज का निर्देश दिया है और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजन को दुख की इस घड़ी में धैर्य प्रदान करने की कामना की है।

मृतकों की पहचान सुनील पासवान (26), लीला देवी (23), कंचन देवी (26), सिद्धांत कुमार (4), शशांक कुमार (3) और साक्षी कुमारी (5) के रूप में हुई है। घटना में तीन गायों की भी मौत हो गयी। दरभंगा के जिलाधिकारी राजीव रोशन ने शुक्रवार को कहा, कल रात बहेड़ा थाना अंतर्गत अलीनगर इलाके में हुई आग की घटना में तीन बच्चों समेत छह लोगों की मौत हो गई। घटना के सटीक कारण का पता लगाने के लिए जांच का आदेश दिया गया है। इस बीच जिला प्रशासन आपदा प्रबंधन दिशा-निर्देशों के अनुसार पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है।

दरभंगा के पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी ने बताया कि रात करीब 11.15 बजे आग लगने की सूचना मिली जिसके बाद थाना प्रभारी एवं अग्निशमन अधिकारी को भेजा गया, काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए दरभंगा मेडिकल कालेज अस्पताल ले जाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि अंटोर गांव में बीती रात छगन पासवान की बेटी की शादी थी, बारातियों के ठहरने और खाने का प्रबंध रामचंद्र पासवान नामक व्यक्ति के आवासीय परिसर में किया गया था, बारातियों ने वहां आतिशबाजी की, जिससे पंडाल में आग लग गई। आग लगने से वहां रखे रसोई सिलेंडर में विस्फोट हो गया, आग की चपेट में आकर उनके परिवार के छह लोगों की मौत हो गई।

दूसरे चरण में 61 फीसदी हुआ मतदान उत्तर प्रदेश, बिहार में धीमी रही वोटिंग

नई दिल्ली, एजेंसी

18वीं लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर मतदान जारी है। दूसरे चरण में भी उत्तर प्रदेश और बिहार में एक बार फिर मतदाता उदासीन नजर आ रहा है। चुनाव आयोग के मुताबिक, शाम पांच बजे तक 13 राज्यों में सबसे अधिक वोटिंग त्रिपुरा, मणिपुर, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और असम हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक शाम पांच बजे तक, असम में 70.66%, बिहार में 53.03%, छत्तीसगढ़ में 72.13%, जम्मू-कश्मीर में 67.22%, कर्नाटक में 63.90%, केरल 63.97%, मध्य प्रदेश 54.83%, महाराष्ट्र 53.51%, मणिपुर 76.06%, राजस्थान 59.19%, त्रिपुरा 77.53%, उत्तर प्रदेश में 52.74%, पश्चिम बंगाल 71.84% वोटिंग हुई है।

इस चरण के प्रमुख उम्मीदवारों में कांग्रेस नेता शशि थरूर, केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, अभिनेता अरुण गोविल, कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के भाई डीके सुरेश, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी शामिल हैं, वहीं भाजपा सांसद हेमा मालिनी, ओम बिरला और गजेंद्र सिंह शेखावत तीसरी बार संसद में पहुंचने की कोशिश में मैदान में हैं। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में चुनाव ड्यूटी पर तैनात मध्य प्रदेश विशेष सशस्त्र बल के एक जवान ने कथित तौर पर अपनी सर्विस राइफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

देश के विभिन्न हिस्सों में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के दौरान मतदाताओं को अलग-अलग तरीके से मतदान केंद्रों तक पहुंचते हुए देखा गया। इस दौरान कहीं, एक ही परिवार की तीन पीढ़ियां और दूल्हा-दुल्हन मतदान केंद्रों पर कतार में खड़े हुए देखे गए जबकि कोई बैलगाड़ी में मतदान केंद्र तक पहुंचा तथा सौ साल के कुछ लोग व्हीलचेयर पर वोट डालने पहुंचे। बेंगलुरु में, कई रेस्तरां द्वारा मतदान करने वाले ग्राहकों को डोसा, लड्डू, कॉफी और अन्य खाद्य पदार्थ मुफ्त अथवा रियायती दरों पर देने की घोषणा के बाद रेस्तरां के बाहर लंबी कतारें देखी गईं।

उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में एक मतदान केंद्र पर कुछ महिला मतदाता बैलगाड़ी पर सवार होकर ढोलक बजाते हुए पहुंचीं। गूगल ने लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण को अपने होमपेज पर एक रंगीन डूडल के साथ चिह्नित किया, जिसमें अमिट स्याही लगी तर्जनी को दर्शाया गया, जो इस बात का संकेत देता है कि किसी व्यक्ति ने मतदान किया है। महाराष्ट्र के अमरावती में वोट डालने के लिए भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी नवनीत राणा और उनके पति रवि राणा मोटरसाइकिल से मतदान केंद्र पहुंचे।

हेमंत सोरेन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 29 अप्रैल को होगी सुनवाई

ईडी की कार्रवाई के खिलाफ दायर की गई है एसएलपी

रांची, सूत्रकार

ईडी की कार्रवाई और गिरफ्तारी के खिलाफ झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की ओर से दाखिल एसएलपी पर सुप्रीम कोर्ट में 29 अप्रैल को सुनवाई होगी। हेमंत सोरेन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने जस्टिस संजीव खन्ना से एसएलपी पर तत्काल सुनवाई का आग्रह किया था। कोर्ट ने इसे सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर लिया है।

दरअसल, हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी के बाद झारखंड उच्च न्यायालय में रिट दाखिल की थी, जिस पर 28 फरवरी को एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस नवनीत कुमार की बेंच ने सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। अब तक इसपर कोई फैसला नहीं आया है।

सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एसएलपी में हेमंत सोरेन ने गुहार लगाई है कि फैसला नहीं आने से वह लोकसभा चुनाव के प्रचार में भाग नहीं ले पा रहे हैं।

सोरेन के अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट से किए गए आग्रह में कहा है कि हाईकोर्ट का फैसला न आने से सोरेन के समक्ष दुविधा की स्थिति है, क्योंकि वह कानूनी उपायों के लिए न तो आगे बढ़ सकते हैं और न ही पीछे जा सकते हैं।

गौरतलब है कि सोरेन को 31 जनवरी को ईडी ने जमीन घोटाले में करीब आठ घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था।

ईडी की कार्रवाई को चुनौती देते हुए सोरेन ने 31 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में भी एसएलपी दाखिल की थी, लेकिन जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की बेंच ने हेमंत सोरेन को पहले झारखंड हाईकोर्ट जाने को कहा था।

चतरा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने किया नामांकन

बाबूलाल बोले- पीएम मोदी का लक्ष्य होगा पूरा

चतरा, सूत्रकार

दूसरे चरण के मतदान के लिए झारखंड में आज से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। इस चरण में चतरा, कोडरमा और हजारीबाग सीट पर 20 मई को मतदान होना है। नामांकन के पहले दिन ही चतरा लोकसभी सीट से भाजपा के उम्मीदवार कालीचरण सिंह ने पर्चा दाखिल कर दिया है। इस दौरान उनके साथ पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी समेत भाजपा के कई बड़े नेता शामिल थे। नामांकन से पहले भाजपा द्वारा रोड शो का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी के लाखों कार्यकर्ता शामिल थे।

रोड शो की शुरूआत चतरा के विनायक होटल के पास स्थित भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के आवास से निकला। इसके बाद विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए समाहरणालय पहुंचा। इसके बाद उन्होंने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप को नामांकन पर्चा दाखिल किया। इसके बाद वापस रोड शो करते हुए जनसभा स्थल बाबा घाट पहुंचे। जहां प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी व नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने लोगों को संबोधित किया। इस दौरान बाबूलाल मरांडी ने दावा किया कि इस बार लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन 400 पार करेगी। जनता की मांग पर पहली बार चतरा संसदीय सीट पर किसी स्थानीय को प्रत्याशी बनाया गया है।

इससे पहले जितने भी सांसद या प्रत्याशी रहे सभी चतरा लोकसभा क्षेत्र से बाहर के रहने वाले थे।

बाबूलाल मरांडी ने आगे कहा कि झारखंड की सभी 14 सीटों पर भाजपा जीतेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो 400 सीट का लक्ष्य दिया है उसे पूरा किया जायेगा। वहीं, नेता प्रतिपक्ष नेता अमर बाउरी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जनता की मांग पर चतरा के स्थानीय निवासी कालीचरण सिंह को भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाया है। कालीचरण सिंह रिकॉर्ड मतों से जीतकर सांसद बनेंगे और यहां की आवाज को दिल्ली में उठायेंगे। अमर बाउरी ने दावा किया विपक्ष की जमानत इस बार जब्त हो जाएगी। उन्होंने राज्य में जांच एजेंसी द्वारा हो रही कार्रवाई पर कहा कि यहां की संसाधनों को जिन जिन लोगों ने लूटा है उन्हीं पर ये एक्शन लिया गया है।

अमर बाउरी ने कहा कि पीएम मोदी भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को कठपुतली बना कर रखा है। झामुमो, कांग्रेस, राजद अपने वंश को बचाने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। जबकि भाजपा देश के विकास के लिए काम कर रही है। उनका दावा है कि भाजपा झारखंड की सभी 14 सीटों के अलावा गांडेय विधानसभा का उप चुनाव भी जीतेगी।

26 हजार सहायक आचार्यों की नियुक्ति परीक्षा पर सुप्रीम कोर्ट का अहम आदेश

बगैर अनुमति नहीं जारी करें रिजल्ट

रांची, सूत्रकार

सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड में 26 हजार सहायक आचार्यों (सहायक शिक्षकों) की नियुक्ति परीक्षा को लेकर अहम आदेश पारित किया है।

जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस संजय करोल की खंडपीठ ने झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) उत्तीर्ण अभ्यर्थियों परिमल कुमार एवं अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड सरकार और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) को आदेश दिया है कि सुप्रीम कोर्ट की अनुमति के बिना नियुक्ति परीक्षा का रिजल्ट नहीं प्रकाशित करें।

सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में झारखंड हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी गई है, जिसमें दूसरे राज्यों की टेट (टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट) परीक्षा या सीटेट (सेंट्रल टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट) परीक्षा पास अभ्यर्थियों को भी इस नियुक्ति परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी गई है। हाईकोर्ट ने यह फैसला दिसंबर, 2023 में झारखंड सीटेट उत्तीर्ण अभ्यर्थी संघ की याचिका पर सुनवाई के बाद सुनाया था।

अब सुप्रीम कोर्ट के समक्ष याचिका लगाने वाले प्रार्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता गोपाल शंकर नारायण और अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने पक्ष रखते हुए कहा कि झारखंड टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट (जेटेट) उत्तीर्ण अभ्यर्थियों

को राज्य की क्षेत्रीय भाषाओं संथाली, खोरठा, नागपुरी आदि का ज्ञान है, क्योंकि, उन्होंने इन पत्रों की परीक्षा पास की है।

दूसरी तरफ सीटेट (सेंट्रल टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट) अभ्यर्थियों के पास ऐसी क्षेत्रीय भाषाओं का ज्ञान नहीं है। उनकी नियुक्ति जब झारखंड के प्राइमरी स्कूलों में होगी तो उन्हें राज्य की क्षेत्रीय भाषा में बच्चों को शिक्षा देने में परेशानी होगी और इसके साथ ही यह राइट टू एजुकेशन के प्रावधानों का उल्लंघन होगा। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर अगली सुनवाई जुलाई के पहले सप्ताह में निर्धारित की है और तब तक नियुक्ति परीक्षा का रिजल्ट जारी करने पर रोक लगाई है।

9 साल पुराने मामले में पूर्व मंत्री को कोर्ट ने किया बरी

रांची, सूत्रकार

भूमि अधिग्रहण के दौरान आंदोलन को लेकर पूर्व मंत्री योगेंद्र साव को रांची सिविल कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। वर्ष 2015 में चतरा जिला के टंडवा में योगेंद्र साव और उनके करीबियों पर केस किया गया था। जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने सरकारी काम में बाधा डाला है। शिकायत में कहा गया था कि विकास कार्य के लिए जब जमीन अधिग्रहण किया जा रहा था तो पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने अपने समर्थकों के साथ मिलकर सरकारी कर्मचारियों को काम करने से रोका था।

वर्ष 2015 में चतरा के टंडवा में सीसीएल के आम्रपाली परियोजना के विस्थापितों के द्वारा आंदोलन किया गया था।

सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम पर सवाल उठाने वालों को दिया बड़ा झटका

वीवीपीएटी से जुड़ी सभी याचिकाएं खारिज

नई दिल्ली, सूत्रकार

उच्चतम न्यायालय ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के माध्यम से डाले गये वोट का ह्यवोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल' (वीवीपीएटी) के साथ मिलान कराने का अनुरोध करने वाली सभी याचिकाएं शुक्रवार को खारिज कर दीं और कहा कि तंत्र के किसी भी पहलू पर आंख मूंद कर अविश्वास करना बिना वजह संदेह पैदा कर सकता है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने मामले में सहमति वाले दो फैसले सुनाए और इस मामले से जुड़ी सभी याचिकाएं खारिज कर दीं जिनमें दोबारा मतपत्रों से चुनाव कराने की प्रकिया पुनः अपनाने का अनुरोध करने वाली याचिका भी शामिल है। पीठ ने अपने फैसले में कहा कि लोकतंत्र का अर्थ सद्भाव और सभी संस्थाओं में भरोसा बनाए रखने का प्रयास करना है।

न्यायालय ने दो निर्देश जारी किए

न्यायालय ने दो निर्देश जारी किए। न्यायमूर्ति खन्ना ने अपने फैसले में निर्वाचन आयोग को मतदान के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में चिह्न लोड करने वाली स्टोर यूनिट्स को 45 दिनों के लिए स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षित करने के निर्देश दिए। शीर्ष अदालत ने ईवीएम निमार्ताओं के इंजीनियरों को यह अनुमति दी कि वे परिणाम घोषित होने के बाद दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाले उम्मीदवारों के अनुरोध पर मशीन के ह्यमाइक्रोकंट्रोलर' को सत्यापित कर सकते हैं। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि ह्यमाइक्रोकंट्रोलर' के सत्यापन के लिए अनुरोध परिणाम घोषित होने के सात दिनों के भीतर किया जा सकता है लेकिन इसके लिए पहले शुल्क देना होगा।

उम्मीदवार को उठाना होगा खर्च

पीठ ने कहा, अगर सत्यापन के दौरान यह पाया गया कि ईवीएम से छेड़छाड़ की गई है तो उम्मीदवार द्वारा दिया गया शुल्क उसे लौटाया जाएगा। एक ईवीएम में तीन इकाइयां होती हैं - बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपीएटी। इन तीनों में माइक्रोकंट्रोलर लगे होते हैं। वर्तमान में निर्वाचन आयोग औचक तौर पर प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच मतदान केन्द्रों में ईवीएम और वीवीपीएटी का मिलान करता है। न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा,ह्यह्य तंत्र या संस्थाओं के मूल्यांकन में संतुलित रुख बनाए रखना अहम है लेकिन तंत्र के किसी भी पहलू पर आंख मूंद करके अविश्वास करना अनुचित संदेह पैदा कर सकता है।

पीठ ने दिया सुझाव

पीठ ने सुझाव दिया कि चुनाव आयोग इस बात की जांच कर सकता है कि क्या वीवीपीएटी पर्चियों की गिनती के लिए इलेक्ट्रॉनिक मशीनों का इस्तेमाल किया जा सकता है और क्या बार कोड का इस्तेमाल किया जा सकता है। पीठ ने कहा कि मतपत्रों से चुनाव कराने की प्रकिया पुनः अपनाने का अनुरोध करने वाली याचिका के अलावा उसके समक्ष तीन याचिकाएं ऐसी भी आईं जिनमें कहा गया कि सत्यापन के लिए मतदाताओं को वीवीपीएटी पर्चियां सौंपी जाएं और मतगणना के लिए उसे मतपेटी में डाला जाए, साथ ही वीवीपीएटी पर्चियों की सौ प्रतिशत गिनती की जाए। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा,ह्यह्य हमने उन सभी को खारिज कर दिया।

वोट बैंक की राजनीति के चलते कांग्रेस ने हजारों साल की विरासत की सुध नहीं ली : प्रधानमंत्री

मुंगेर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को मुंगेर में एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आज आपकी वोट की ताकत से देश की साख दुनिया में बढ़ी है और देश का डंका दुनिया में बज रहा है। उन्होंने कहा कि जितनी मजबूत सरकार बनायेंगे, भारत दुनिया में उतना ही मजबूत होगा। दुनिया जानती है यह भारत का समय है। भारत अब तेजी से आगे बढ़ रहा है, बिहार के विकास के लिए भी यह सही समय है।

कांग्रेस और राजद पर विभिन्न मुद्दों को लेकर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वोटबैंक की राजनीति के कारण कांग्रेस ने हजारों वर्ष की विरासत की कभी सुध नहीं ली। इस चुनाव में एक तरफ इंडी गठबंधन है, जिसका मॉडल तुष्टिकरण है। जबकि, दूसरी तरह एनडीए है, जिसका मॉडल संतुष्टिकरण है। लालटेन के जंगलराज को सबसे ज्यादा मुंगेर ने सहा है। नीतीश कुमार और भाजपा की सरकार ने मिलकर बड़े प्रयास से लालटेन के उस अंधेरे से बिहार को निकाला है।

उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस की नजर अब आपकी संपत्ति पर है। राहुल गांधी को कांग्रेस का 'युवराज' बताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि वह देश के हर परिवार की कमाई का सर्वे करेंगे। कांग्रेस का कहना है कि वह किसानों की जमीनों का सर्वेक्षण करेगी और विरासत टैक्स लगाएगी। कांग्रेस आपकी आधी से अधिक संपत्ति हड़प लेगी। विरासत कर लगाकर आपसे लूटी गई संपत्ति को कांग्रेस अपने खास वोट बैंक में बांटेगी। इसमें राजद का भी समर्थन कांग्रेस को मिल रहा है।

पीएम मोदी ने कर्नाटक की चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस संविधान की भावना के विरुद्ध धर्म के नाम पर आरक्षण ला रही है। पीछे के दरवाजे से मुस्लिम समुदाय के लोगों को ओबीसी श्रेणी में शामिल कर संविधान द्वारा ओबीसी को दिए गए 27 प्रतिशत आरक्षण में कटौती कर मुसलमानों को दे दिया गया। अब यही काम कांग्रेस देश में करना चाहती है। जब तक मोदी है तब तक ऐसा नहीं होने देंगे। यह मोदी की गारंटी है।

उन्होंने मुंगेर के योग विद्यालय की भी चर्चा की। उन्होंने राम मंदिर की चर्चा करते हुए कहा कि मुसलमानों की लड़ाई लड़ने वाले अंसारी जी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने आए, लेकिन ये इंडी गठबंधन वाले नहीं आए। वे खुद को प्रभु श्रीराम से भी ऊपर मानते हैं।

इस सभा में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी शामिल हुए। मुंगेर में चौथे चरण के तहत 13 मई को मतदान होना है। यहां जदयू के ललन सिंह का मुकाबला बाहुबली अशोक महतो की पत्नी अनीता देवी से है।

जोबा मांझी मंत्री पद पर रहकर महिलाओं के लिए कई योजनाएं पारित करायी : मंत्री

टोंटों व झींकपानी प्रखंड में खुला इंडिया गठबंधन का चुनावी कार्यालय

चाईबासा, सूत्रकार

सदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत टोंटों प्रखंड के लिसिया, झींकपानी प्रखंड के जोड़ापोखर में शुक्रवार को इंडिया गठबंधन झामुमो प्रत्याशी जोबा मांझी का चुनावी कार्यालय खुला। इस-ाका उद्घाटन मंत्री दीपक बिरुवा की उपस्थिति में प्रत्याशी जोबा मांझी के द्वारा विधिवत फीता काट कर किया गया।

इसी क्रम में प्रत्याशी जोबा माझी ने अपने कार्यकर्ता व समर्थकों से बातचीत की, और उनका हौसला बढ़ाया। इसमें शामिल अन्य वक्ताओं ने भी कार्यकर्ता व समर्थकों का जोश भरते हुए इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी जोबा मांझी को जिताने का आह्वान

किया। कहा कि देश में संविधान खतरे में है। हमारी हक, अधिकार और संविधान को बचाए रखने के लिए गठबंधन प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करना जरूरी है। मंत्री दीपक बिरुवा ने कहा कि देश में भाजपा जुमलेबाज की सरकार है। इन जुमलेबाजों के झ-ांसे में नहीं आना है। चूंकि हमारी स-रकार अनेकोनेक जनहित में कार्य कर रही है। जिनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है।

ये वही जोबा माझी है, जिन्होंने हेमंत सरकार के मंत्रिमंडल में मंत्री पद पर रहकर वृद्धा विधवा जैसी सार्वजनन पेंशन समेत महिलाओं के लिए कई योजनाओं को पारित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन्होंने ने ही मंत्री के पद पर रहते हुए आंगनबाड़ी सेविकाओं का मानदेय बढ़ाने का काम किया। जोबा मांझी आंदोलनकारी स्वर्गीय देवेंद्र मांझी की धर्मपत्नी है। स्व. माझी ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अपनी कुर्बानी दी। जोबा मांझी भी उनके स्व. पति के राह पर चलते हुए जल, जंगल और जमीन को बचाने का कार्य कर रही है। यह भाजपा के लोगों को पच नहीं रहा है। हेमंत सोरेन जैसे मुख्यमंत्री को साजिश के तहत फंसा कर जेल भेजने का काम किया। ऐसे बहुरूपिया भाजपा सरकार को केंद्र से उखाड़ फेंकने की जरूरत है।

प्रत्याशी जोबा मांझी ने कहा कि देश में संविधान को बचाए रखने के लिए इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को जिताना जरूरी है। वहीं जोबा मांझी ने अपनी हक, अधिकार एवं देश की संविधान को बचाए रखने के लिए अपने पक्ष में वोट करने की अपील की। कहा कि यह लड़ाई अपनी हक अधिकार व अस्तित्व को बचाए रखने की लड़ाई। कहा कि हमारी पार्टी जल, जंगल, जमीन की रक्षा करने वाली पार्टी है ।इसे बचाए रखना जरूरी है। इसके पूर्व सभी जगहों पर प्रत्याशी समेत मंत्री का जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। इस दौरान झामुमो कार्यकर्ताओं व समर्थकों में काफी उत्साह देखी गई। मौके पर झामुमो नेता सुभाष बनर्जी, मोनिका बोयपाई, मुन्ना सुंडी, राज नारायण तुबिद, बुधराम लागुरी, मंगल तुबिद एल, जीतू बारी, दिनेश तूंबलिया, तुराम बिरुली, संजय दास, झींकपानी में प्रखंड अध्यक्ष सोंगा बिरुली, प्रदीप तमसोय, हरिलाल करजी, गुरुचरण मुंडा, विनोद गोप, महावीर बिरुली, सोमनाथ तामसोय, शिवा चौधरी, मेजारी मुंडा, सरिता अलडा, समेत अन्य मौजूद थे।

न्यूज फ्लैश

चाईबासा मे खुला इंडिया गठबंधन का कार्यालय

चाईबासा, सूत्रकार

चाईबासा शहर मे स्थित खीरवाल धर्मशाला में शुक्रवार को इंडिया गठबंधन का केंद्रीय कार्यालय खुला। इस अवसर पर प्रत्याशी जोबा मांझी, झारखंड सरकार के मंत्री दीपक बिरुवा, झामुमो के जिला अध्यक्ष सह चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव, मंझगांव के विधायक निरल पूर्ति, बिहार विधान सभा के पूर्व उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ चाम्पिया, जगन्नाथपुर के पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोगा, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सहित इंडिया गठबंधन के विभिन्न दलों के नेता और विभिन्न सामाजिक सांगठनों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

प्रभु राम के चरित्र को मानव जीवन में उतारने की है जरूरतः अशोकानंद तिवारी

जोरापोखर, सूत्रकार

जेलगोड़ा मानस मंदिर के प्रांगण में 52 वाँ वार्षिक 9 दिवसीय मानस महाधिवेशन के तीसरे दिन गाजीपुर उत्तर प्रदेश से पधारे राम कथा वाचक अखिलेश चंद्र उपाध्याय ने अपने प्रवचन के दौरान कहा कि मनुष्य का धर्म होता है जगत का कार्य करते हुए कभी जगदीश को न भूले ।रामचरित्र मानस समाज के रिश्ते को कैसे बनाए रखना है उसे सिखाता है ।तुलसीदास रामकथा लिखकर अमर हो गए। मुकेश रामायण पर आधारित गीत गाकर अमर हो गए। रामानंद सागर रामायण सीरियल बनाकर अमर हो गए। ऐसे में अरुण गोविल एवं दीपिका रामसीता के चरित्र निभाकर जीतेजी अमर हो गए। यही रामायण की गुणवत्ता है। वही अयोध्या से पधारे बाल व्यास अशोकानंद तिवारी ने कहा कि राम के चरित्र को जीवन मे उतारने की जरूरत है। ताकि हर मनुष्य का जीवन सफल हो जाएगा।

इस अवसर पर सुबह परायणाचार्य पंडित अनिल पाठक की टीम द्वारा रामायण पाठ किया गया। जिसमें दर्जनों की संख्या में स्थानीय महिला भक्त शामिल हुई। पुजारी में अशोक पाठक थे। सुबह मंदिर परिक्रमा में सैकड़ो की संख्या में महिला भक्तों की भीड़ जुटी थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में मानस सत्संग समिति के धर्मेंद्र राय, पिंटू अग्रवाल,जोगेंद्र सिंह,सिधेश्वर भारती, अनुभवक पंडित,धर्मवीर राय, बृजेश राय, सुनील वर्मा,शिव कुमार दुबे,उमेश सिंह, मोहन साव आदि थे।

राजद कार्यकर्ता और कांग्रेसियों ने किया अनुपमा को प्रत्याशी बनाये जाने का विरोध

धनबाद, सूत्रकार

धनबाद लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में अनुपमा सिंह के नाम की घोषणा के साथ ही शुरू हुए विरोध का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को रणधीर वर्मा चौक पर काफी संख्या में पहुंचे कांग्रेसी व राजद कार्यकताओं ने अनुपमा सिंह का विरोध किया। इस दौरान आक्रोशित लोगों ने प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के खिलाफ नारे लगाते हुए स्थानीय को यहां से प्रत्याशी बनाने की मांग की। कांग्रेस नेता राजू दास, भरत महतो और राजद नेता हातिम अंसारी ने कहा कि अनूप सिंह और अनुपमा सिंह ने धनबाद के लिए क्या किया है। उसपर अनुपमा सिंह तो कांग्रेस की सदस्य भी एक दिन पहले बनी है, उन्हें कैसे कैंडिडेट बनाया गया। वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस आलाकमान यदि यहां के कैंडिडेट पर पुनर्विचार कर किसी स्थानीय को उम्मी-दवार नहीं बनाता है तो हम सभी पार्टी छोड़ देंगे।

मांगी लाल रुंगटा प्लस टू विद्यालय ने संत जेवियर्स इंग्लिश स्कूल को हराया

चाईबासा, सूत्रकार

पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में कल से शुरू हुए 13वीं ज्ञान चंद जैन अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत आज खेले गए दूसरे मैच में सोमलेश्वर सुम्बरुई की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत मांगी लाल रुंगटा प्लस टू विद्यालय ने गत वर्ष की उपविजेता टीम संत जेवियर्स इंग्लिश स्कूल चाईबासा को एकतरफा मुकाबले में सात विकेट से पराजित कर प्रतियोगिता में बड़ा उलटफेर किया। आज की जीत के साथ ही मांगी लाल रुंगटा विद्यालय के चार अंक हो गए हैं। अगर मांगीलाल रुंगटा उच्च विद्यालय की टीम 7 मई को अपने दूसरे और अंतिम लीग मैच में मधुसूदन महतो उच्च विद्यालय आसनतलिया को पराजित कर देती है तो इसका सुपर डिवीजन में क्वालीफाई करना लगभग तय हो जाएगा।

चाईबासा के बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर सुबह सात बजे से खेले गए आज के मैच में टॉस मांगी लाल रुंगटा प्लस टू विद्यालय के कप्तान ने जीता तथा विपक्षी टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए संत जेवियर्स इंगलिश स्कूल की पूरी टीम 18 ।4 ओवर में 115 रन बनाकर पैविलियन लौट गई। इस स्कूल की ओर से सैमुएलस ने चार चौकों एवं एक छक्का की मदद से सर्वाधिक 37 रन बनाए। अन्य बल्लेबाजों में तंजील नोमन ने 29 रन एवं नयाब खान तथा तरुण बोयपाई ने 11-11 रनों का योगदान दिया। रुंगटा स्कूल की ओर से सुरज बेसरा ने 15 रन देकर तीन विकेट चटकाए। सोमलेश्वर सुम्बरुई, रामेश्वर देवगम, नोर सिंह देवगम, आजाद पुरती एवं हर्ष गोप ने एक-एक विकेट हासिल किए। जीत के लिए निर्धारित बीस ओवर में 116 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी माँगी लाल रुंगटा प्लस टू विद्यालय के बल्लेबाजों ने 12 ।2 ओवर में मात्र तीन विकेट खोकर 116 रन ठोक डाले और सात विकेट से मैच अपने नाम कर लिया।

सबसे अच्छी बल्लेबाजी पारी की शुरूआत करने आए सोमलेश्वर सुम्बरुई ने की जिसने मात्र 41 गेंदों का सामना करते हुए आठ चौकों एवं चार छक्कों की मदद से 76 रनों की धुआँधार पारी खेली और अंत तक आउट नहीं हुआ। सोमलेश्वर की पारी की खासियत ये रही कि उसने अपने पचास रन मात्र 26 गेंदों पर ही ठोक डाले। अन्य बल्लेबाजों में विकेटकीपर बल्लेबाज राज कुमार ने दो चौकों की सहायता से 17 रनों का योगदान दिया।

हमारी सरकार और मंत्री की नियत और नीति दोनों पवित्र : सुनील सिरका

मांझगांव, सूत्रकार

झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला संयुक्त सचिव सुनील सिरका ने कहा है कि हमारी सरकार और मंत्री दोनों कि नीति और नियत दोनों पवित्र है। अपनी संभावित हार से भाजपा के लोग बौखला गए हैं। पूर्व मंत्री और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष बड़कुंवर गागराई के बयान पर श्री सिरका अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे। उन्होंने कहा कि आजसू-भाजपा के लोगों ने ही ओबीसी आरक्षण को घटाकर 14% कर दिया था। हेमंत सोरेन के नेतृत्व मे झारखंडी सरकार बनी तो उसे पुनः 27% करने के लिए विधानसभा से विधेयक पारित कराया। अब पिछले 10 वर्ष से केंद्र की सत्ता में काबिज भाजपा की सरकार इस विधेयक पर कुछ क्यों नहीं करती। सिर्फ बातें करने से नहीं होगा, लोगों को उन बातों का प्रतिफल भी मिलना चाहिए। इन्होंने 20 वर्ष राज्य को सिर्फ घाव दिया। हमारी सरकार उस घाव को भरने का काम कर रही है। जब घाव भरने का दौर शुरू हुआ तो इनके पेट में दर्द होने लगा। अधिकार देने की बात करना, महज दिखावा है।

इन्हें यहां के आदिवासियों मूलवासियों के मान सम्मान की चिंता नहीं। ये आदिवासियों मूलवासियों को झारखंडी पहचान नहीं देना चाहते। 20 साल तक राज किया लेकिन झा-रखंडी पहचान से संबंधित कार्य नहीं किया है। 1932 के भूमि रिकॉर्ड राज्य की अधिवास और रोजगार नीति को सत्यापित करने के मानदंड को तय करने का हमारी सरकार ने 1932 खतियान विधेयक पारित कराया। लेकिन इन लोगों ने इसमें अड़चन लगा दी। जबकि भाजपा आजसू 1932 खतियान लागू करने के नाम पर दशकों से यहां के लोगों को छला है।

झारखंड विधानसभा ने सरना धर्म कोड पास कर केंद्र को भेजा है। उसे संसद से पारित कराने में आनाकानी क्यों ? झारखंड के आदिवासी इलाके

की हो, मुंडारी और कुडुख भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए केंद्र को प्रस्ताव भी भेजा गया है। इसकी स्वीकृति में देरी क्यों? आदिवासियों का वजूद बचाने के लिए इन मांगों को भाजपा शासित केंद्र स-रकार क्यों दरकिनार कर रही है? क्यों आदिवासियों की मांग को लटका कर रख दिया। सिर्फ आदिवासियों के हित की बात करने से नहीं बल्कि उनके लिए पूरी तन्मयता से कार्य करने की जरूरत है।

हमारी सरकार की हमेशा सोच और नीति रही है कि अधिक से अधिक स्थानीय युवाओं को नौकरी और रोजगार से जोड़ा जाए। इसके लिए हमारी सरकार ने निजी क्षेत्र में स्थानीय के लिए 75 प्रतिशत आरक्षण कानून लेकर आए। यहां कार्यरत निजी उपक्रमों में 75 प्रतिशत स्थानीय को जगह मिले उस पर गठबंधन सरकार की आगे बढ़े हैं। उसी का प्रतिफल है हजारों युवाओं को ऑफर लेटर दिया गया है।

यहां के आदिवासी-मूलवासी को नौकरी मिले इसका प्रयास लगातार किया जा रहा है। झारखण्ड के आदिवासी - मूलवासी के अनुसार नियोजन नीति बनाने का काम किया। लेकिन विपक्ष ने षड्यंत्र रच कर उस पर रोड़ा अटकाने का काम किया। मगर हमारी सरकार पुनः कानून लेकर आयेंगे।

20 वर्ष में पहली बार जेपीएससी नियमावली बनायी गई। 250 दिनों में युवाओं का रिजल्ट निकालने का काम किया,और भाजपा कहती है कि नियुक्ति में घोटाला हुआ।

सिंहभूम लोकसभा में 74429 गरीबों को मोदी जी ने आवास दिया : गीता कोड़ा

चाईबासा, सूत्रकार

नरेंद्र मोदी ने पूरे सिंहभूम लोकसभा में छत विहीन 74429 गरीबों को आवास बनवाकर दिये, जिसमे चाईबासा शहर के 1778 परिवार शामिल हैं। मोदी जी ने विश्वकर्मा योजना के तहत चाईबासा में रहने वाले 317 परिवार वालों को स्वयं के रोजगार के लिये15 हजार रुपया, ट्रेनिंग के लिए 3 हजार 5 सौ रुपये, मात्र 5 प्रतिशत ब्याज पर बैंकों से 1 से 2 लाख का लोन दिलवा रहें हैं। इतना ही नही चाईबासा के 927 फुटपाथी दुकानदारों को स्वरोजगार के लिए बैंकों से मात्र 7 प्रतिशत ब्याज पर अब तक 1 करोड़ 23 लाख 60 हजार रुपया दिलवा चुकें हैं। मोदी जी के इन तीन योजनाओं से लाभ लिए परिवार वाले आज यह कहते नही थकते की मोदी जी ने हम गरीबों के जीवन को संवार कर आज पितातुल्य बन गए हैं। उक्त बातें शुक्रवार को चाईबासा शहर के बड़ी बाजार डॉउन, कुम्हार टोली, पुलहातू, बरकन्दाज टोली, ग्वाला पट्टी, फ्लावर मिल साईं मंदिर क्षेत्रों में जनता से जनसंपर्क - संवाद कर भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी गीता कोड़ा ने कहीं। उन्होंने

कहा कि मोदी जी माताओं बहनों के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण कानून पारित किए, मुस्लिम बहनों को तीन तलाक से मुक्ति दिलाकर उनका घर उजड़ने से बचाया,जिसका गुणगान देश के साथ विदेशों में रहनेवाली मुस्लिम माता बहने आज करते नही थकती। गीता कोड़ा ने कहा कि कांग्रेस और झारखड मुक्ति मोर्चा वालों ने तुस्टीकरण कर देश की जनता को आपस मे बांट कर केवल अपना स्वार्थ पूरा किया,पर मोदी जी ने 10 वर्षों में सबका साथ सबका विश्वास के साथ कार्य किये जो पहले 70 वर्षों में नही हुआ। गीता कोड़ा ने जनता से कहा कि सबकी चिंता करने वाले मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिये में आप सबों से कमल फूल निशान में वोट देने की प्रार्थना करने आई हूं। उन्होंने कहा कि अबकी बार तो जनता ने जबाब दिया 400 पार। उनके साथ नगर अध्यक्ष अक्षय खत्री, जिला उपाध्यक्ष राकेश बबलू शर्मा, महामंत्री शैलेश कुमार, नगर प्रभारी सन्नी पास-ावान, प्रताप कटियार, रामानुज शर्मा, सौरभ प्रसाद, मणिकांत पोद्दार, सुमित प्रजापति, ज्ञानानंद प्रसाद, सुमित कर्मकार, सूरज सिंह, अमित सिंह, सौरभ राम, दिनेश यादव, मंगल मुंडा, मुकेश जोगी, नीरज गुप्ता, विकाश वर्मा, योगेश सिंह, रितेश कुमार, रोशन अग्रवाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिषेक जयसवाल, मुकेश जोगी, बंटी भुईयां, रोहित लाकड़ा, चेतन सिन्हा, संजय अखाड़ा, चंद्रमोहन तिउ के अलावे अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बीयर पीने के लिए रंगदारी नहीं देने पर की थी फायरिंग, दो गिरफ्तार

जमशेदपुर, सूत्रकार

जमशेदपुर के उलीडीह ओपी क्षेत्र के रामनगर में फायरिंग करने के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में सुभाष कॉलोनी निवासी विवेक तिवारी और लक्ष्मण नगर निवासी आकाश गिरी शामिल है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने एक देसी पिस्टल, दो जिंदा गोली और एक मैगजीन बरामद किया है वहीं पुलिस ने घटनास्थल में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की है ।जानकारी देते हुए सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि 5 अप्रैल को आरोपियों ने बैधनाथ कुमार साहू से रंगदारी की मांग की जा रही थी। बैधनाथ बस्ती में ही छोटी सी दुकान चलाता है। आरोपियों द्वारा बैधनाथ से बीयर पीने के लिए रुपयों की मांग की जा रही थी। रुपए नही देने पर बैधनाथ की दुकान पर फायरिंग की गई थी। मामले में 8 अप्रैल को अनीस रजक को जेल भेजा जा चुका है। आज इसी मामले में दो अन्य आरोपियों को भी जेल भेजा जा रहा है।

जिला सत्र न्यायधीश से मिले अधिवक्ता, पार्क बनाने की मांग

जमशेदपुर, सूत्रकार

जमशेदपुर कोर्ट में बीते दिनों ई-कोर्ट बनाने को लेकर पार्क को तोड़ने का मामला तूल पकड़ने लगा था। इधर, इसी मामले को लेकर अधिवक्ताओं ने एडहॉक कमिटी के अध्यक्ष लाला अजीत अंबष्ठ से मुलाकात कर कोर्ट परिसर में रखे दो कंटेनर को हटाने और पार्क का निर्माण करवाने की मांग की। इधर, एडहॉक कमिटी जिला एवं सत्र न्यायधीश अनिल कुमार मिश्रा से मिली और अधिवक्ताओं की मांग को उनके समक्ष रखा। जिला न्यायधीश ने तत्काल निर्णय लिया और कहा कि अविलंब पार्क का निर्माण कार्य शुरू किया जाए तथा बार भवन के तरफ दीवार को तोड़कर और बैठे हुए अधिवक्ताओं की जगह को हटाकर कंटेनर रखने की व्यवस्था की जाए।

इधर, अधिवक्ताओं ने कहा कि जब तक दोनों कार्य पूरे नहीं हो जाते, तब तक सभी अधिवक्ता अपने-अपने काम पर नहीं लौटेंगे।

जनता 400 पार के झांसे में नहीं आयेगी, मिलेगा जवाब : मुन्ना सुंडी

नोवामुंडी, सूत्रकार

जनता 400 पार के झांसे में नहीं आयेगी, सीधे तड़ीपार करेगी ।जनता को रोटी, कपड़ा, मकान, नौकरी, रोजगार चाहिए। इस पर भाजपा नहीं बोलेगी, भाजपा के प्रत्याशीगीता कोड़ा झामुमो को बेवजह बदनाम करने की कोशिश कर रही है ।यह बातें टोन्टो प्र-खंड 20 सूत्री कार्यक्रम के अध्यक्ष मुन्ना सुंडी ने टोन्टो प्रखंड के ग्राम टोन्टो के रोयागुटू में जगन्नाथपुर और चाईबासा विधासभा क्षेत्र बुंडू, रेंगराहातु टोन्टो पंचायत स्तरीय ग्राम के प्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित करते हुए कही।

सुंडी ने कहा कि कोड़ा को यह बताना चाहिए कि अपने विधायक, सांसद और अपने पति मधु कोड़ा के मुख्यमंत्री कार्यकाल में सिंहभूम की जनता के लिए क्या क्या कार्य किया है। इसी काम के ऐवज में जनता से वोट मांगना चाहिए ।परंतु ऐसा न कर प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की तरह उल्टी सीधी बातें कह कर जनता को मूर्ख बनाने का काम कर रही है। श्री सुंडी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना को बंद कर झारखंड की जनता की गरीबों का हक मारने का काम किया। वहीं झारखंड सरकार ने जनता को 20 लाख

आबुआ आवास देकर गरीबों को राहत देने का काम कर रही है।

इस मौके पर झामुमो के पूर्व जिला प्रवक्ता बुधराम लागुरी ने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में फर्क है ।चुनाव के दौरान जनता को दिए गए वादा को पूरा नहीं करती है , जिसका कई उदहारण है किसे यहां की जनता बखुबी जानती है ।भाजपा के प्रत्याशी श्रीमती गीता कोड़ा बताएं लोकसभा में 272 के आंकड़ा से सरकार बनती है या 400 पार से बनती है ।जिसका नारा दिया जा रहा है की अबकी बार 400 पार, इसका मतलब स्पष्ट है कि की संविधान को बदलने के लिए सविधान के अनुच्छेद 368 के तहत लोकसभा सदन में संविधान में संशोधन होता है।

इसके लिए 2/3 बहुमत की जरूरत होती है। इसलिए भाजपा ने एक षडयंत्र के तहत लोकसभा में 400 पार का नारा दिया है , ताकि संविधान को बदला जा सके। इस मौके पर झामुमो नेता तबारक खान ने कहा कि भाजपा ने अपने 10 साल के शासन में जनता को गरीबी , बेरोजगारी और सरकारी संपत्ति को बेचने का काम किया। गत लोकसभा के चुनाव में श्रीमती गीता कोड़ा को भाजपा दुश्मन लगती थी और आज प्यारी लग रही है। इस तरह के दलबदलु नेताओं को जनता सबक सिखाएगी ।सिंहभूम की जनता देश की सुरक्षा के लिए इंडिया गंठबंधन को वोट करेगी ।इसके लिए श्रीमती जोबा मांझी को तीर धनुष छाप पर मोहर लगाकर भारी मतों से विजयी बनायें।

बैठक को पूर्व प्रमुख मंगल तुबिद, जिला परिषद के पूर्व सदस्य व जगन्नाथपुर विधनसभा के प्रभारी बामिया मांझी, पूर्व मुखिया कपलेश्वर डोंगो, झामुमो नेता तुरम बिरूली, संजय दास, नोवामुंडी प्रखंड झामुमो अध्यक्ष चुमनलाल लागुरी, सचिव मनोज लागुरी ने भी सम्बोधित किया। इस बैठक में पुखरीबुरू के मुंडा आनंद तुबिद, मुचिया हसदा उर्फ टोटा, सतीश गोप, पुलेंद्र महतो, चोकरो सिद्धू, फ्रांसिस सुरीन, रामराई दोरायबुरु, विक्रम लागुरी समेत काफी संख्या में प्रतिनिधि मौजूद थे।

चिरकुंडा में पाइपलाइन क्षतिग्रस्त, मचा हाहाकार, दो दिनों से बंद है पानी सप्लाई

चिरकुंडा, अरविंद सिंह

चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र में पिछले दो दिनों से पानी की सप्लाई बाधित है जिससे लगभग 50 हजार लोग प्रभावित हैं। इस प्रचंड गर्मी में पानी नहीं मिलने के कारण लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल, चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 2 सरसा पहाड़ी स्थित चिरकुंडा शहरी जलापूर्ति योजना का पाइप लीकेज हो गया है। इस कारण दो दिनों ने पूरे चिरकुंडा क्षेत्र में पानी की सप्लाई पूरी तरह से ठप है। वहीं नगर परिषद द्वारा कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं कराए जाने से लोगों को दूर दराज से इस भीषण गर्मी में पानी ढोकर लाना पड़ रहा है।

मरम्मत कार्य में जुटे नगर परिषद के पदाधिकारी : वहीं चिर-कुंडा वासियों की समस्या को देखते हुए चिरकुंडा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संदीप पास-ावान और नगर प्रबंधक मुकेश निरंजन ने पेयजलापूर्ति शीघ्र बहाल करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया है। नगर परिषद के पदाधिकारी पाइपलाइन लीकेज की समस्या दूरे करने के लिए मरम्मत कार्य में जुटे हैं, ताकि जल्द से जल्द क्षेत्र में जलापूर्ति बहाल कराई जा सके। इसे लेकर युद्ध स्तर पर कार्य जारी है। संभवतः अगले 24 घंटे के भीतर चिरकुंडा के लोगों को पानी मिलना शुरू हो जाएगा।

जलापूर्ति योजना के रख-रखाव पर संबंधित कंपनी का नहीं है ध्यान : बताते चलें कि अंबे केमिकल कंपनी चिरकुंडा शहरी जलापूर्ति योजना का रखरखाव करती है, लेकिन पिछले कुछ माह से कंपनी कार्य में लापरवाही बरत रही है। अगर आने वाले दिनों में भी स्थिति यही रही तो आगे भी चिरकुंडा नगर परिषद के लोगों को पेयजल संकट से जूझना पड़ सकता है।

जमीन उपलब्ध नहीं होने से जलापूर्ति योजना के दूसरे फेज का काम अटका : चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र में पेयजलापूर्ति को लेकर सेकेंड फेज का टेंडर भी निकाला गया था, लेकिन नगर परिषद के सुस्त रवैये के कारण योजना को धरातल पर अब तक नहीं उतारा जा सका है। इस संदर्भ में नगर प्रबंधक ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र में जमीन उपलब्ध नहीं होने की वजह से अब तक उन योजना के धरातल में नहीं उतार जा सका है। जिसका खामियाजा चिर-कुंडा वासियों को भुगतना पड़ रहा है।

न्यूज फ्लैश

दहकते अंगारे पर चल शिव भक्तों ने दिया आस्था का परिचय

अनगड़ा, सूत्रकार

फूलखूंदी, झुलन व जागरण के साथ सिमलिया में नौ दिवसीय शिव मंडा पूजा अनुष्ठान का समापन हो गया। फूलखूंदी में 101 शिव भक्त शामिल हुए। इस दौरान भोक्ताओं ने नंगे पांव दहकते अंगारों पर चल आस्था का परिचय दिया। महिलाओं ने श्रद्धा के फूल आंचल में लिये। जागरण कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार ने किया। इस अवसर पर बंगाल के कलाकारों ने छऊ नृत्य की प्रस्तुति की। मौके पर सुनील महतो, पूर्व मुखिया सरोज देवी, ग्राम प्रधान तुलेश्वर पाहन, बिगेश्वर महतो आदि उपस्थित थे।

हाईकोर्ट में कांस्टेबलों की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

रांची, सूत्रकार

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में 6800 कांस्टेबलों की नियुक्ति को सही ठहराते हुए इसे चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया है। नियुक्ति को चुनौती देते हुए सुनील टुडू और अन्य अभ्यर्थियों ने 65 याचिकाएं दायर की थीं, जिनपर हाईकोर्ट में एक साथ सुनवाई चल रही थी। एक्टिंग चीफ जस्टिस एस। चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने शुक्रवार को इस मामले में फैसला सुनाया है। अदालत ने याचिकाओं पर सभी पक्षों की बहस और सुनवाई बीते 15 मार्च को पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। झारखंड में कांस्टेबलों की नियुक्ति के लिए 2015 में विज्ञापन निकाला गया था और वर्ष 2018 में नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली गई थी। इस मामले में याचिकाकर्ताओं का कहना था कि झारखंड सरकार की ओर से जिस नियमावली के तहत नियुक्ति की गई है, वह पुलिस मैन्युअल के विपरीत है। नियमावली में न्यूनतम क्वालिफाइंग मार्क्स की शर्त लगाना भी गलत है। हाईकोर्ट ने पूर्व में इन याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान कहा था उसके अंतिम आदेश से नियुक्ति प्रक्रिया प्रभावित होगी। इसे लेकर नियुक्त कांस्टेबलों को नोटिस जारी किया गया था और उन्हें पक्ष रखने का मौका दिया गया था। इधर, राज्य सरकार ने हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान अपना पक्ष रखते हुए कहा था कि उसे यह अधिकार है कि नियमावली में बदलाव करते हुए रूल फ्रेम कर सके।

सिल्ली में रामायण पाठ यज्ञ अनुष्ठान का समापन

सिल्ली, सूत्रकार

प्रखंड के इतिहासा के बजरंगबली मंदिर परिसर में तीन दिवसीय अखंड रामायण पाठ का शुक्रवार को समापन हो गया। हवन-पूजन एवं कलश विसर्जन के साथ महायज्ञ की पूर्णाहुति दी गयी। अनुष्ठान के दौरान झारखंड एवं बंगाल से आये रामायण मंडलियों ने चौपाई का पाठ किया। रामायण मंडली के कलाकारों ने आयोजन के दौरान अलग-अलग प्रसंगों पर आधारित भजन कीर्तन की प्रस्तुति की। यज्ञ आयोजन में गांव के दिलीप कुमार महतो, मणिलाल महतो, रघुनाथ महतो, पिंकी देवी, हेमंती देवी, बुधनी देवी, पंचू देवी, नकुल चंद्र महतो, मनोरंजन महतो, पंकज कुमार महतो आदि मौजूद थे।

कुल्डा जंगल में पेड़ से झूलता मिला युवक का शव

तोरपा, सूत्रकार

थाना क्षेत्र के कुल्डा जंगल में विनोद गोप (30) नामक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार को उसका शव जंगल में एक पेड़ पर झूलता पाया गया। जानकारी के अनुसार वह गिरूम गांव का रहनेवाला था। बताया जाता है कि विगत तीन दिनों से घर से लापता था। जानकारी मिलने पर तोरपा पुलिस वहां पहुंची तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

नेत्रहीन बच्चों को 10वीं के बाद एडमिशन लेने में होती है मुश्किल

रांची, सूत्रकार

इस वर्ष संत मिखाइल ब्लाइंड स्कूल से सात बच्चों ने मैट्रिक की परीक्षा पास की है। अब इन बच्चों के समक्ष आगे पढ़ाई जारी रखने की समस्या है। इसकी वजह यह है कि रांची में प्लस टू या इंटर कॉलेज इन बच्चों के नामांकन लेने में आनाकानी करते हैं। संत मिखाइल स्कूल की टॉपर निधि ने बताया कि वह आगे की पढ़ाई के लिए दिल्ली जाना चाहती है, क्योंकि वहां नेत्रहीन बच्चों को भी अच्छी सुविधाएं मिलती है। रांची में ऐसी सुविधाओं का अभाव है। संत मिखाइल के पूर्व छात्र शुभोदीप तरफदार ने कहा कि मैट्रिक के बाद रांची में कई कॉलेजों में दाखिले की कोशिश की, लेकिन सबका रवैया टाल मटोल वाला रहा। कहा गया कि सीढ़ियां चढ़ने उतरने में परेशानी होगी, इसलिए नामांकन नहीं ले सकते। कई कॉलेजों में भटकने के बाद उसका दाखिला संत पॉल्स कॉलेज में हुआ। एक और नेत्रहीन छात्रा एनी मेरी होरो भी अभी संत पॉल्स कॉलेज में ही पढ़ाई कर रही है। संत मिखाइल ब्लाइंड स्कूल की प्राचार्य सरिता तालान ने कहा कि 10वीं के बाद ज्यादातर बच्चों की पढ़ाई छूट जाती है, क्योंकि यहां के शिक्षण संस्थान नेत्रहीन बच्चों का एडमिशन लेना नहीं चाहते। दिल्ली और देहरादून में नेत्रहीन बच्चों को अच्छी सुविधाएं मिलती हैं। लेकिन हर अभिभावक आर्थिक रूप से इतने सक्षम नहीं हैं कि अपने बच्चों को दूसरे शहरों में भेज सके। इसके अलावा यह भी चिंता रहती है कि बाहर इन बच्चों की देखभाल कौन करेगा। सरिता तालान ने कहा कि स्कूल की तरफ से कई बार जैक को लिखकर दिया गया है कि स्कूल को प्लस टू की मान्यता दी जाये। इससे नेत्रहीन बच्चों को अपने ही शहर में 12वीं तक की पढ़ाई करने में सुविधा होती। इस मामले पर संत पॉल्स कॉलेज के प्राचार्य डॉ अनुज कुमार तिग्गा ने कहा कि उनके कॉलेज में दो नेत्रहीन बच्चे पढ़ रहे हैं। उन्हें भी पढ़ाई का मौका मिलना चाहिए। हम सिर्फ इसलिए नहीं रोक सकते

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा

चुनाव में उत्सव जैसा माहौल बनायें, कर्फ्यू जैसा नहीं

रांची, सूत्रकार

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि अधिकारी चुनाव में उत्सव जैसा माहौल बनायें, कर्फ्यू जैसा नहीं। सभी प्रमंडलीय आयुक्त, उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के सचिव, डीटीओ व उप निर्वाचन पदाधिकारी संग वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग करते हुए उन्होंने चुनाव के दौरान वाहन प्रबंधन को लेकर निर्देशित किया। कहा कि आम नागरिकों के साथ चुनाव कार्य से जुड़े मतदान कर्मियों व सुरक्षा बलों को भी चुनाव ड्यूटी के दौरान आवागमन में कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। जरूरत का आकलन कर सभी जिले 26 अप्रैल तक वाहन प्रबंधन से संबंधित रिपोर्ट आयोग को सौंप दें।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान केंद्रों पर दिव्यांग व वरिष्ठ मतदाताओं को मतदान कराने के लिए भी पुख्ता इंतजाम रखें। उनके लिए स्थानीय स्तर पर छोटे वाहनों की उपलब्धता की योजना बनायें। वाहनों की एडवांस तैयारी कर आवश्यकता के अनुरूप नजदीकी जिलों से संपर्क स्थापित कर व्यवस्था सुनिश्चित करें। राज्य पुलिस के नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने कहा कि पुलिस जवानों को पहुंचाने के लिए वाहनों की व्यवस्था की पूर्व तैयारी करें। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में परिवहन सह कल्याण सचिव कृपानंद झा, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह व डॉ नेहा अरोड़ा, एसटीएफ के डीआइजी इंद्रजीत महथा, आइजी धनंजय कुमार सिंह, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-स्वीप के राज्यस्तरीय पदाधिकारी देवदास दत्ता समेत अन्य मौजूद थे। राज्य में लोकसभा चुनाव के दौरान केंद्रीय अर्धसैनिक बल के जवानों और अफसरों को प्रदान की जानी वाली सुविधा और उन्हें रहने में कोई परेशानी नहीं हो, इसके लिए संबंधित जिला के डीसी और एसपी को अलग-अलग जिम्मेवारी दी गयी है। उनके कार्यों को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव के रवि कुमार ने सभी डीसी और एसपी को पत्राचार किया है। इसमें उन्होंने बताया है कि जवानों और अफसरों को दी जानेवाली सुविधा को लेकर एसटीएफ डीआइजी के साथ समीक्षा की गयी है। इसमें जिला स्तर से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर पायी गयी कमियों को दूर करने के लिए पुलिस मुख्यालय द्वारा पत्र भेजा गया है। इसलिए निर्धारित सुविधा के संबंध में ऑडिट कर कार्य पूर्ण कर लिया जाये। सभी जिलों के डीसी को जिम्मेवारी दी गयी है कि वे केंद्रीय अर्धसैनिक बल के जवान और अफसरों के रहने की सुविधा से संबंधित काम, बाथरूम निर्माण से संबंधित कार्य, पानी की सुविधा उपलब्ध कराने और बिजली की व्यवस्था से संबंधित कार्य करेंगे। इसके अलावा सभी जिलों के एसपी को केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के लिए पावर बैकअप सप्लाई, जवानों के रहनेवाले स्थान में सुरक्षा से संबंधित सामान और चार्जिंग प्वाइंट उपलब्ध कराने की जिम्मेवारी दी गयी है।

मजदूर दिवस पर नामकुम के सहकारिता मैदान में होगा सम्मान समारोह

रांची, सूत्रकार

मजदूर दिवस के अवसर पर नामकुम स्थित चायबगान के सहकारिता मैदान हजारों की संख्या में नामकुम के खिजरी, बरगांवा, कुटियातू सहित अन्य पंचायतों के जनप्रतिनिधियों कि ओर से मजदूर महासम्मेलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। यह सम्मान समरोह समाजसेवी चंद्रभूषण झा के अगवाई में किया जाएगा। समारोह की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को कालीनगर स्थित समाजसेवी दुर्गा शंकर झा के आवास पर बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए आरती कुजूर, रामअवतार केरकेट्टा, आरती सिंह ने बताया कि मजदूर दिवस के अवसर पर दैनिक कर्मी, ऑटो चालक सहित अन्य कर्मियों के लिए सम्मान समरोह का आयोजन किया गया है, जिसमें सभी को अंगवस्त्र व भोजन की व्यवस्था की गई है। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व शिक्षा उप निदेशक अरविन्द कुमार झा, पूर्व संयुक्त सचिव आंनद मोहन ठाकुर, पूर्व जिप सदस्य आरती कुजूर, आरती सिंह, जिप सदस्य रामअवतार केरकेट्टा, प्रमोद कुमार सिंह, अशोक मुण्डा, बरगांवा मुखिया अनिता तिर्की, सुबोध सिंह टनटन, प्रभाष झा, कौशल सिंह सहित अन्य लोग मौजूदगी निर्णय लिया गया।

भाजपा की विधानसभा स्तरीय बैठक, अनुशासन का पढ़ाया गया पाठ

अनगड़, सूत्रकार

भाजपा का खिजरी विधानसभा स्तरीय पदधारियों की बैठक गोंदलीपोखर स्थित चुनाव कार्यालय में हुई। बैठक में राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने कार्यकर्ताओं को अनुशासन का पाठ पढ़ाया। वहीं पार्टी के कार्यों को लेकर लापरवाही बरत रहे जिला, मोर्चा व प्र-खंड के पदाधिकारियों को फटकार लगायी। कहा कि जिम्मेदारी सही ढंग से निर्वाहन नहीं कर रहे पदाधिकारियों को पार्टी चिह्नित कर रही है। कहा कि पूरे देश में नरेंद्र मोदी की लहर है। इस बार एनडीए कम से कम 400 लोकसभा सीटों पर विजयी होगी। बैठक में लोकसभा संयोजक संजीव विजयवर्गीय, अमरनाथ चौधरी, मानकी राजेन्द्र शाही, जैलेंद्र कुमार, राजन साहू, नसीब लाल महतो, रौशनी खलखो, सत्यदेव मुंडा, सुरेंद्र महतो, नेहा सिंह, अनुपमा देवी, अनुराधा मुंडा, रामावतार केरकेट्टा, आ-रके पाहन, प्रीतम साहू, माधुरी देवी, विनय महतो, प्रमोद सिंह, अजय महतो, प्रभुदयाल बड़ाइक आदि मौजूद थे।

आज और कल आसमान में छाए रहेंगे बादल, दो दिन गरमी से मिलेगी राहत

रांची, सूत्रकार

झारखंड में लोगों को लगातार गर्मी का प्रकोप झेलना पड़ रहा है। सरायकेला-खरसावां जिले में कुछ जगहों पर लू चल रही है। मौसम विभाग ने बताया है कि 30 अप्रैल तक झारखंड के अधिकतर जिलों में लू का प्रकोप रहेगा। सरायकेला-खरसावां का उच्चतम तापमान 44.8 डिग्री सेंटीग्रेड पहुंच गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची स्थित मौसम केंद्र के प्रमुख और मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शुक्रवार (25 अप्रैल) को यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया है कि पिछले 24 घंटे के दौरान सरायकेला-खरसावां जिले में कहीं-कहीं उष्ण लहर चली। यहां का उच्चतम तापमान 44.8 डिग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड किया गया, जो राज्य में सबसे ज्यादा रहा। झारखंड का सबसे कम न्यूनतम तापमान 21.7 डिग्री सेंटीग्रेड गिरिडीह जिले में रिकॉर्ड किया गया। पिछले 24 घंटे के दौरान साहिबगंज, बोकारो और जामताड़ा में क्रमशः 30 किलोमीटर प्रति घंटा, 24 किलोमीटर प्रति घंटा और 23 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि उत्तरी बांग्लादेश से उत्तरी ओडिशा तक एक साइक्लोन बना हुआ है, जो पश्चिम बंगाल की ओर बढ़ रहा है। झारखंड में पछुआ हवाएं चल रहीं हैं, जिसकी वजह से गर्मी का एहसास ज्यादा हो रहा है। उन्होंने बताया कि 27 और 28 अप्रैल को आंशिक बादल छाए रह सकते हैं, लेकिन झारखंड का मौसम शुष्क ही रहेगा। 29 और 30 अप्रैल को आसमान साफ रहेगा। कहीं भी बारिश होने के आसार नहीं हैं। इसलिए गर्मी से अभी राहत मिलेगी, इसकी कोई संभावना नहीं दिख रही है।

गांजा तस्करी के बड़े रैकेट का खुलासा

दो महिला सहित चार गिरफ्तार

रांची, सूत्रकार

पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर खादगढ़ा बस स्टैंड से दो महिला सहित चार गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। चारों तस्कर ओडिशा के गंजम जिले से लगभग 50 किलो गांजा लेकर रांची, बनारस होते दिल्ली जाने वाले थे। लेकिन उससे पहले ही चारों रांची पुलिस के हाथ लग गए। रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि रांची एससपी को सूचना मिली थी कि ओडिशा से रांची आने वाले एक बस में सूटकेस में भरकर गांजा आ रहा है। सूचना पर लोअर बाजार थाने और खादगढ़ा टीओपी की टीम ने सिटी डीएसपी के नेतृव में ओडिशा से रांची आने वाले सभी बसों की चेकिंग शुरू की गई। इसी दौरान एक बस से पुलिस को देख दो महिला तेजी के साथ हाथ मे एक एक सूट-केस लेकर फरार होने लगीं। हालांकि मौके पर मौजूद महिला पुलिसकर्मियों ने दोनों को पकड़ लिया। दोनों महिला तस्कर के पकड़े जाने के बाद बस से ही दो अन्य तस्कर भी पकड़े गए। गांजे के तस्करी के लिए तस्करों ने चार नए सूटकेस खरीदे थे, उन्हीं चारों सूट केस में गांजे के पैकेट छिपा कर रखे गए थे। गिरफ्तार तस्करों में पश्चिम बंगाल के रहने वाले दीप राई, उत्तर प्रदेश के रहने वाले सुमित कुमार, दिल्ली की रहने वाली महिला सुषमा और उत्तर प्रदेश की रहने वाली महिला अंजना सिंघल शामिल हैं। गिरफ्तार तस्करों ने पुलिस के पूछताछ में यह बताया है कि वे लोग ओडिशा से गांजा लाकर रांची के रास्ते पहले बनारस जाते थे और फिर बनारस से दिल्ली चले जाते थे। उनका मुख्य बाजार दिल्ली ही था दिल्ली में वह बड़े पैमाने पर गांजा की बिक्री करते थे। पुलिस के पूछताछ में तस्करों ने बताया है कि वे लोग ओडिशा के गंजाम जिला से गंजा खरीद कर अक्सर रांची होते हुए दिल्ली और बनारस जाते थे। गंजम जिले में बड़े पैमाने पर गांजा उगाया जाता है।

रामनवमी जुलूस देखने निकला युवक अबतक नहीं लौटा घर

रांची, सूत्रकार

राजधानी रांची के रातू रोड इलाके के इंद्रपुरी रोड नंबर 12 में रहने वाला 24 साल का रोहित शर्मा बीते 17 अप्रैल से लापता है। वह घर में रामनवमी जुलूस देखने जाने की बात कह कर निकाला था, उसके बाद से अब तक घर नहीं लौटा है। उसे दिन से उसका मोबाइल भी लगातार स्विच ऑफ आ रहा है। परिजन परेशान हैं और उसके खोजबीन के लिए अपने स्तर से तो प्रयास कर ही रहे हैं, थाने में भी बीते 19 अप्रैल को एक गुमशुदगी का सनहा दर्ज कराया है। मिले आवेदन के आधार पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। हालांकि अब तक युवक का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। बता दें कि रोहित अपने 70 वर्षीय नाना सहदेव शर्मा के घर रहकर पढ़ाई लिखाई कर रहा था। सहदेव शर्मा ने बताया कि रोहित उसका एकमात्र सहारा है। वह बचपन से ही रोहित को अपने पास रखकर पढ़ाई लिखाई करा रहे हैं। अब जब उन्हें सहारे की जरूरत पड़ी तो रोहित पता नहीं कहां चला गया। हम लोगों को बहुत चिंता हो रही है, समझ नहीं आ रहा है क्या करें।

बीमार मजदूर की मौत, चूरी परियोजना में काम ठप

डकरा, सूत्रकार

चूरी परियोजना में जेनरल मजदूर कैटेगरी-वन के पद पर कार्यरत खेतनुआ मुंडा के निधन के बाद उसके परिजन को नौकरी देने की मांग को लेकर श्रमिक संगठन के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को प्रदर्शन करते हुए परियोजना का काम करीब आठ घंटे तक ठप करा दिया। काम ठप होने की सूचना के बाद संगठन और प्रबंधन के बीच वार्ता हुई। वार्ता में 15 दिन में नौकरी की प्रक्रिया पूरा करने का लिखित आश्वासन दिया गया, जिसके बाद परियोजना का काम शुरू हो सका। मृतक के पुत्र रंजीत मुंडा ने बताया कि उनके पिता पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। शुक्रवार की सुबह वह उन्हें लेकर ड्यूटी के लिए जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में तबीयत अचानक बिगड़ गयी और पिता की मौत हो गयी। इसकी सूचना परियोजना परिसर में उन्होंने लोगों को दी। मौत की सूचना मिलते ही क्षेत्र के सभी श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि भी वहां पहुंचे और प्रोविजनल इंप्लाइमेंट देने की मांग को लेकर आंदोलन शुरू कर दिया। इस कारण परियोजना का सभी काम बंद हो गया। बाद में खान प्रबंधक शैलेश कुमार एरिया और मुख्यालय के अधिकारियों से बात कर बताया कि 9:3:0 के तहत मृतक के आश्रित की ओर से सभी जरूरी कागजात दिये जाने के 15 दिन के भीतर नियोजन दिया जायेगा। इस पर सभी की सहमति रही। इसके बाद काम शुरू हो पाया। वार्ता में गोल्टेन प्रसाद यादव, अमर भूषण सिंह, सुनील कुमार सिंह, सोनू पांडेय, धीरज सिंह, गोविंद महतो, रामाशीष चौहान सहित खलारी पुलिस व परियोजना के कामगार मौजूद थे।

कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा को मिला सिद्धार्थ गौतम और सरयू का साथ, हॉट केक बना धनबाद

धनबाद, सूत्रकार

2024 लोकसभा चुनाव धनबाद में एक नया अध्याय लिखने जा रहा है। अंतर्कलह, आशीर्वाद और अवसरवाद से शुरू हुई इस लोकसभा चुनावी यात्रा के बीच एनडीए और इंडी गठबंधन के दोनों प्रत्याशी धुंआधार जनसंपर्क में लगे हुए हैं। इन सब के बीच हर दिन प्रत्याशियों की चौंकाने वाली तस्वीरें आ रही हैं। एक ओर आशीर्वाद लेने में दलों की दीवारें टूटती दिख रही हैं तो दूसरी ओर दोनों प्रत्याशी एक दूसरे कुनबे की अंतर्कलह और अवसरवादियों को साधने में जुटे हुए हैं। अब तक के सभी राजनीतिक समीकरण बदलते दिख रहे हैं। माना जा रहा है कि सह और मात के इस खेल में वहीं विजयी होगा जिसे जाति के साथ साथ दूसरे वर्ग के वोटर और मजदूरों का भी साथ मिलेगा।

भाजपा में पहले कभी नहीं बनी थी ऐसी स्थिति : लोकसभा चुनाव में शायद दशकों बाद ऐसा देखने को मिल रहा है जब अपने प्रत्याशी को लेकर वरीय नेता से लेकर कार्यकर्ता तक अपने प्रत्याशी को पचा नहीं पा रहे हैं। बीते चार दशकों में एक टर्म छोड़ दें तो धनबाद लोकसभा सीट पर भाजपा का ही कब्जा रहा है। इन सभी चुनावों में भाजपा ने विपक्षी को बड़े अंतर से हराया है। कभी भी लोकसभा प्रत्याशी को लेकर विरोध के स्वर नहीं उठे हैं जिसका नतीजा यह रहा कि पार्टी एक होकर चुनाव लड़ती रही और जीत दर्ज करती रही। 2004 में भले ही प्रो रीता वर्मा चुनाव हार गई हो पर उस समय भी रीता वर्मा के विरोध में एंटी इनकंबेंसी होने के बावजूद पार्टी के अंदर अंतर्कलह नहीं थी। यही हाल 2019 के चुनाव में भी रहा वर्तमान सांसद पीएन सिंह के विरुद्ध एंटी इनकंबेंसी रहने के बावजूद पार्टी ने उन पर भरोसा जताया और मोदी लहर में पीएन ने झारखंड में सबसे ज्यादा मतों से चुनाव जीतकर हैट्रिक लगाई थी।



आरोप-प्रत्यारोप और आशीर्वाद की राजनीति के बीच हर रोज बन रहे हैं नए समीकरण : धनबाद लोकसभा क्षेत्र में चुनाव की तिथि जैसे जैसे नजदीक आ रहा है। इस सीट की ख्याति बढ़ते जा रही है। ढुल्लू के प्रत्याशी घोषित होने के साथ ही उन पर दर्ज आपराधिक मामले, मारवाड़ी सम्मेलन के जिलाध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल के बीच शुरू हुआ विवाद और सरयू रॉय की इंट्री की वजह से यह सीट पूरे राज्य के लिए हॉट केक बन गया। सरयू रॉय द्वारा लगातार ढुल्लू महतो पर लगाये जा रहे आरोप और इसकी शिकायत ने ख्याति प्राप्त होते इस सीट को और गति दी है तो दूसरी ओर कांग्रेस द्वारा अनुपमा सिंह को प्रत्याशी घोषित किये जाने के बाद से शुरू हुई आशीर्वाद की राजनीति ने इसे राष्ट्रीय स्तर पर ला खड़ा कर दिया है। अब ऐसे में भाजपा और कांग्रेस दोनों राष्ट्रीय स्तर की पार्टी की साख दांव पर लग गयी है। हर रोज नए समीकरण बन रहे हैं और बिगड़ रहे हैं। यहां के बदलते और बिगड़ते समीकरण आसपास के कई लोकसभा सीट को प्रभावित करने को आतुर हैं।

टूट गयी दलों की दीवारें : 2024 का चुनाव धनबाद लोकसभा क्षेत्र के लिए कई मायने में खास होता जा रहा है। मूल समस्याओं के गौण होते मुद्दों के बीच चुनावी परिणाम जो भी हो पर इस बार धनबाद को सांसद के रुप मे नया चेहरा मिलना तय है। इसके अलावा यह चुनाव कई नेताओं की राजनीति भविष्य भी तय करेगा। ऐसे में हर कोई खुद को साबित करने में लगा है। एनडीए और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी भी कोई कसर छोड़ने के मूड में नहीं है। इसी का नतीजा है कि दलों की दीवार तोड़ ढुल्लू महतो और अनुपमा सिंह अपने विपक्षी पार्टियों से मिलने और आशीर्वाद लेने में भी कोई परहेज नहीं कर रहे हैं। एक ओर कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा निर्दलीय विधायक सरयू रॉय, भाजपा की पूर्व विधायक कुंती सिंह, मासस के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी जैसे दूसरे दलों के नेताओं से आशीर्वाद मांग रही हैं तो दूसरी ओर ढुल्लू महतो कांग्रेस नेता ददई दुबे, ललन चौबे, आम आदमी पार्टी के नेता महेंद्र सिंह मीनू से मिल आशीर्वाद मांग रहे हैं।

अनुपमा को मिल रहा सिद्धार्थ गौतम और सरयू का साथ : बीते दिनों कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह अपने पति सह बेरमो विधायक अनूप सिंह के साथ सिंह मेंशन जाकर झरिया विधयाक कुंती सिंह और उनके छोटे पूर्व मनीष सिंह उर्फ सिद्धार्थ गौतम से मिली थी। इसके दो दिन बाद से एकाएक मनीष सिंह उर्फ सिद्धार्थ गौतम लोकसभा चुनाव को लेकर पूरी तरह रेस हो गए और अपने यूनियन जनता मजदूर संघ के सभी एरिया में जाकर बैठक कर लोकसभा चुनाव में ऐसे प्रत्याशी को जिताने की अपील कर रहे हैं जिससे कि धनबाद में भय और अराजकता का वातावरण न बने। हालांकि आधिकारिक तौर पर उन्होंने प्रत्याशी को समर्थन करने की घोषणा नहीं कि है। वहीं विधयाक सरयू रॉय भी लगातार ढुल्लू पर हमलावर बने हुए हैं। जिसका सीधा फायदा अनुपमा को ही मिलता दिख रहा है। वहीं दूसरी ओर अन्य दलों के राजपूत समाज के लोग भी अनुपमा के समर्थन में आने शुरू हो गए हैं।

धर्म संकट में फंसी रागिनी और अपर्णा : झरिया से पिछले विधानसभा में भाजपा की प्रत्याशी रही रागिनी सिंह और निरसा से भाजपा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता भले ही पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के साथ मंच साझा कर उनके लिए लोगों से समर्थन मांग रही हों पर दोनों के सामने बड़ी दुविधा खड़ी हो गयी है। क्योंकि दोनों नेत्री मजदूर संगठन से भी जुड़ी है। एक ओर रागिनी अपने मजदूर यूनियन जनता श्रमिक संघ की महामंत्री है तो दूसरी ओर अपर्णा सेन गुप्ता जनता मजदूर संघ (कुंती गुट) में उपाध्यक्ष हैं। रागनी सिंह की मजदूर यूनियन के साथ ढुल्लू महतो के समर्थकों की हिंसक झड़प की खबरें कई बार सुर्खिया बनी है। दोनों के समर्थक एक दूसरे को देखना भी पसंद नहीं करते। वहीं दूसरी ओर जनता मजदूर संघ (कुंती गुट) महामंत्री खुद अनुपमा के लिए अपने संघठन के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ लगातार बैठकें कर रहे है ऐसे में रागिनी और अपर्णा दोनों धर्म संकट में फंस गई है कि जिस पार्टी से वे सक्रिय राजनीति करती हैं उसके स्पोर्ट में रहे या फिर मजदूर यूनियन की। अगर यह मजदूरों के साथ खड़ी होती है तो पार्टी की नाराजगी झेलनी होगी और अगर पार्टी के साथ खड़ी होती हैं तो इनके समर्थक मजदूरों की नाराजगी झेलनी होगी। जबकि दोनों के मजदूर समर्थक ही इनके कोर वोटर हैं। ऐसे दोनों के सामने चुनौती है कि दोनों नेत्री कैसे पार्टी और यूनियन के बीच सामंजस्य बना पाएंगी।

न्यूज फ्लैश

शाम में निकलनी थी भाई की बारात, फंदे से लटका मिला युवक का शव

देवघर, सूत्रकार

रिखिया थानांतर्गत रामपुर आदर्श कॉलनी मुहल्ले के एक युवक का शव पुनसिया मोहली टोला में फांसी के फंदे से लटका मिला। परिजन उसकी हत्या की आशंका जता रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, मृतक का नाम रोशन कुमार सिन्हा (27 वर्ष) है, जो आदर्श कॉलनी रामपुर मुहल्ले का निवासी बताया जा रहा है। मुहल्ले वालों की मानें तो शाम में उसके भाई की बारात जसीडीह के एक मैरेज गार्डेन में जानेवाली थी। परिजन सहित मुहल्लेवासी बारात जाने की तैयारी में जुटे थे। इसी बीच रोशन का शव मिलने की खबर आयी और सारी खुशियां अचानक मातम में बदल गयी। मुहल्ले वालों के अनुसार रोशन मूल रूप से बिहार के जमुई जिले के झाझा के पास चाईं गांव का रहनेवाला था। मामले की जानकारी पाकर परिजन पहुंचे और युवक की हत्या कर साक्ष्य छिपाने के लिए फांसी के फंदे में लटका देने का आरोप लगा रहे हैं। उधर, रिखिया थाने की पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

कार से 64 किलो डोडा बरामद, एक गिरफ्तार

खूंटी, सूत्रकार

मुरहू थाना क्षेत्र के सेल्दा के पास पुलिस ने एक कार (जेएच-01एडी-6848) से डोडा बरामद की है। कार में पांच प्लास्टिक की बोरी में कुल 64 किलो डोडा लदा हुआ था। कार से सेल्दा गांव निवासी सोनू मुंडा को गिरफ्तार किया गया है। एसडीपीओ वरुण रजक ने शुक्रवार को बताया कि शाम में मुरहू के सेल्दा-सरवादा सड़क पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में एक कार की चेकिंग की गयी, जिसमें पुलिस को सफलता मिली। पुलिस ने डोडा बरामद करने के साथ कार को भी जब्त कर लिया है। इस संबंध में मुरहू थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। अभियान में मुरहू थाना प्रभारी नायल गोडवीन केरकेट्टा और सशस्त्र बल शामिल थे।

साक्षी कुमारी ने जेईई मेंस में सफलता प्राप्त कर बढ़ाया देवघर का मान

देवघर, सूत्रकार

प्रोफेसर कालोनी बायपास रोड की रहने वाली साक्षी कुमारी ने जेईई मेंस में सफलता हासिल की। सामान्य कैटेगरी में उन्हें 99.3 परसेंटाइल प्राप्त हुए। उसने गणित में 98.56, भौतिक विज्ञान में 99.01 व रसायन शास्त्र में 99.11 परसेंटाइल प्राप्त किया। उनकी सफलता पर पूरे परिवार में हर्ष व्याप्त है। दादा शंभू नाथ ठाकुर, दादी पुष्पा मिश्रा, पिता राकेश कुमार ठाकुर, माता बबीता देवी, भाई समर आनंद ने कहा कि साक्षी की सफलता पूरे परिवार को गौरवान्वित किया है। बताया कि वह शुरू से ही मेधावी छात्रा रही है। डीएवी स्कूल से उसने मैट्रिक की परीक्षा 98 प्रतिशत अंक प्राप्त की थी। अपनी सफलता पर उसने बताया कि नियमित व अनुशासन तरीके से घर पर रहकर ही तैयारी की। किसी भी कोचिंग का सहारा नहीं लिया। बीआइटी भोपाल से बीटेक की पढ़ाई कर रहे भाई समर ने परीक्षा को लेकर काफी मदद की। साक्षी की सफलता पर मोहल्लावासी अनुज निरंजन, अभिषेक सिंह, गोपाल सिंह सहित अन्य बधाई दी है।

स्वतन्त्र भारत उच्च विद्यालय में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

जोड़ापोखर, सूत्रकार

स्वतन्त्र भारत उच्च विद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर झारखंड चुनाव के आई कोन स्वेता किन्नर ने शिक्षकों एवं छात्रों के विच चुनाव के लोकतंत्र के महत्व कि जानकारी देते हुए लोगो को जागरूक किया स्वेता किन्नर ने कहा कि अपने आसपड़ोस लोगो को मतदान करने के लिए जागरूक करें छात्र अपने माता पिता के साथ साथ अपने रिस्तेदारो को मतदान के महा पर्व में मतदान करनें के जागरूक करें। जागरूकता अभियान में शामिल थे। मौके पर छाया कुमारी, कुमारी नर्मता,राजेश चौधरी, शशि कांत, विनोद कुमार,दामोदर महतो,उज्ज्वल कुमार, इकराम अंसारी,शुभम झा आदि उपस्थित थे।

सीयूजे : एमबीए के 16 छात्रों का प्लेसमेंट अधिकतम 10.50 लाख रुपये का पैकेज

रांच, सूत्रकार

केंद्रीय विवि, झारखंड (सीयूजे) के एमबीए के 16 विद्यार्थियों का टैलेंट सर्व में कैंपस प्लेसमेंट हुआ है। इनमें छह विद्यार्थियों का मार्केटिंग प्रोफाइल के लिए 10.50 लाख प्रति वर्ष सीटीसी और बाकी 10 छात्रों का एचआर प्रोफाइल में 05.50 लाख सीटीसी के साथ चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में एरम फातिमा, अनुराग कश्यप, दीपांजन शाह, दिव्या कुमारी, नयन चंद्रा, निहारिका सिंह, निकिता भारती, पवन कुमार, प्रगति राज, पूर्णेंदु कुमारी, राजलक्ष्मी, राजश्री कुमारी, साक्षी कुमारी, शालिनी, स्तुति स्वांसी और शिखा शामिल हैं। इसके अलावा इस वर्ष एमबीए स्नातक के 41 छात्रों का अन्य कंपनियों में भी अधिकतम साढ़े सात लाख रुपये के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ है। इनमें एक्सिस बैंक, रिलायंस रिटेल, एचडीएफसी लाइफ, बजाज फिनसर्व, त्रिवेणी अलमारी प्राइवेट लिमिटेड, प्लैनेट स्पार्क, आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड, कोरिजो, हाइक एड्यू, इंवेस्टोश्योर आदि कंपनियां शामिल हैं। कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास ने बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं।

गुमला में शादी की खुशियां गम में बदलीं

नाचते-गाते लोगों को बोलेरो ने रौंदा, एक की मौत

तीन घायल

गुमला, सूत्रकार

गुमला जिले के रायडीह में शादी समारोह के दौरान मिट्टी पूजा रस्म कर नाचते-गाते लौट रहे लोगों को बोलेरो ने रौंद दिया। इसमें एक की मौत हो गयी, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इन्हें तत्काल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद छटकु नायक को मृत घोषित कर दिया। घायलों को बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और मामले की जानकारी लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सड़क हादसे की यह घटना गुरुवार रात्रि करीब 12 बजे की है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रायडीह के सामने एक बोलेरो ने शादी समारोह के दौरान मिट्टी पूजा रस्म कर नाचते गाते घर लौट रहे लोगों को रौंद दिया। इससे एक व्यक्ति 60 वर्षीय छटकु नायक (पिता स्व भोको नायक, ग्राम सिलम, पाकरटोली, थाना रायडीह) की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं तीन लोग 42 वर्षीय महावीर महली (पिता स्व तिलक महली), 37 वर्षीय नंदु महली (पिता पुना महली) दोनों ग्राम हसलता आम्बाटोली थाना गुमला एवं 50 वर्षीया सुहानी देवी (पति चरण तुरी, ग्राम पतराटोली थाना रायडीह) गंभीर रूप से घायल हो गये। आनन -फानन में सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रायडीह में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक राजीव कुमार ने छटकु नायक को मृत घोषित कर दिया। वहीं तीनों घायलों को प्राथमिक उपचार करते हुए बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने सड़क हादसे की जानकारी देते हुए बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने भंडारटोलीवाली बस्ती के एक घर में शादी है। इसमें हम सभी लोग मिट्टी पूजा रस्म करने के लिए ढाक-नगाड़ा पर नाचते-गाते पूजा कर लौट रहे थे। तभी स्वास्थ्य केंद्र के समीप पीछे से एक बोलेरो भीड़ को रौंदते हुए भाग गया। मृतक छटकु नायक, घायल महावीर महली व नंदु महली शादी समारोह में ढाक-नगाड़ा बजाने के लिए आए हुए थे। इधर, घटना की सूचना रायडीह पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही रायडीह पुलिस घटना स्थल पहुंची व घायलों को 108 एम्बुलेंस से गुमला सदर अस्पताल भेजा, वहीं शव को कब्जे में कर पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पलामू में बारातियों से भरी बस पलटी, 10 से अधिक लोग घायल

पलामू, सूत्रकार

जिले के हैदरनगर में शुक्रवार को बारातियों से भी बस पलट गई। जिसमें 10 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। घायलों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में भर्ती कराया गया है। वहीं मामले की जानकारी मिलते ही अस्पताल में परिजनों की भीड़ जुट गई है। बिहार के देव से पलामू के हैदरनगर के पतरिया बारात की वापसी के इंतजार में बैठे परिजनों को क्या पता था कि उनके घर के समीप ही इतनी बड़ी दुर्घटना हो जाएगी। बाराती बस पलटने की सूचना मिलने के बाद हैदरनगर थाना क्षेत्र के पतरिया गांव में कई लोगों के घरों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को पतरिया गांव की बारात बिहार के देव से वापस पलामू के हैदरनगर लौट रही थी। परिजन नई नवेली दुल्हन का इंतजार कर रहे थे।

इसी बीच गांव से थोड़ी दूरी पर ही बारात से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने बस में फंसे 12 लोगों को निकालकर अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद पहुंचाया। अस्पताल में घायलों के अलावा उनके परिजनों की भीड़ लग गई। चिकित्सकों ने सभी घायलों का तत्काल इलाज किया। सूचना मिलते ही विधायक कमलेश कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे और घायलों का हाल जाना। उन्होंने उपस्थित चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों से घायलों की स्थिति के विषय में जानकारी ली।

विधायक ने ग्रामीणों को बताया कि घायलों के इलाज में किसी तरह की कोताही नहीं होने दी जाएगी। घायल बारातियों में हैदरनगर के पतरिया गांव के अर्जुन प्रजापति, गोपाल प्रजापति, महेंद्र प्रजापति, जितेंद्र प्रजापति, कमलेश राम, दुर्गा प्रजापति सहित कई अन्य शामिल हैं। बारातियों से भरी बस पलटने की घटना पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने अफसोस जाहिर किया है। उन्होंने घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा कि जिस रास्ते पर बड़े वाहन ले जाने में दिक्कत हो, वहां बड़े वाहन ले जाने की जिद नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि खुशियां मनाएं, लेकिन सड़क सुरक्षा के नियमों की अनदेखी नहीं करें।

भाजपा हर हाल में करेगी 400 पार : बाबूलाल

चतरा, सूत्रकार

चतरा लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी कालीचरण सिंह के नामांकन कार्यक्रम में शामिल होने बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी चतरा पहुंचे। इस दौरान दोनों नेताओं ने महागठबंधन और झारखंड सरकार पर जमकर हमला बोला। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में बीजेपी को हर हाल में 400 सीटें मिलेंगी। उन्होंने झारखंड की गठबंधन सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि झारखंड सरकार के संरक्षण में खुलेआम बालू, पत्थर और कोयले की लूट हो रही है। सरकार के इस रवैये को देखते हुए हाई कोर्ट ने भी कड़ी फटकार लगाई है। इस बीच, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन की आलोचना करते हुए उन्हें वंशवादी राजनीति का आदर्श उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता महागठबंधन और कल्पना सोरेन को हराकर करारा जवाब देगी। अमर बाउरी ने पूछा है कि संपूर्ण इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करने वाली कल्पना सोरेन कौन हैं? गांडेय उपचुनाव में भाजपा उन्हें हराकर जीत हासिल करेगी। देश और प्रदेश की जनता भ्रष्टाचारियों और उनकी सरकार को उखाड़ फेंकेगी। बता दें कि भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने आज चतरा लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल कर दिया। उनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी से होगा।

महिला से यौन शोषण के आरोपी को 10 साल की सजा

कोडरमा, सूत्रकार

विधवा महिला को शादी का झांसा देकर पांच वर्षों तक यौन शोषण किए जाने के एक मामले में सुनवाई करते हुए कोडरमा न्यायालय ने घरमुंडा जयनगर निवासी परमेश्वर यादव को 376 आईपीसी के तहत दोषी करार देते हुए 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही न्यायालय ने आरोपी पर 30 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना की राशि नहीं देने पर आरोपी को छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं न्यायालय ने आरोपी को 420 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 3 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 30 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना की राशि नहीं देने पर आरोपी को 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। आरोपी पर दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। मामला 2018 का है। जिसे लेकर जयनगर थाना में कांड संख्या 255/2018 एवं एसटी- 93/2018 दर्ज किया गया था। अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने किया। इस दौरान 5 गवाहों का परीक्षण कराया गया।

सड़क हादसे में एक मजदूर की मौत, चार गंभीर, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

पलामू, सूत्रकार

पलामू जिले के पड़वा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 75 पर सड़क हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि चार मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल मजदूरों को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद गुस्साए मजदूरों ने नेशनल हाईवे 75 को जाम कर दिया। बाद में पुलिस और अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद जाम हटाया गया।स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि रांची से मुडीसेमर को जोड़ने वाली सड़क नेशनल हाईवे 75 के चौड़ीकरण का काम चल रहा है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण अपनी देखरेख में निर्माण कार्य करा रहा है। मजदूरों से भरी एक गाड़ी नेशनल हाईवे निर्माण कार्य के लिए पलामू के पड़वा थाना क्षेत्र जा रही थी। इसी क्रम में गाड़ी असंतुलित होकर पलट गयी। इस हादसे में मजदूर कमल मेहता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस और ग्रामीणों ने घायल मजदूरों को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों और मजदूरों ने नेशनल हाईवे 75 को जाम कर दिया। ग्रामीण और मजदूर मृतक के परिजनों को 10 लाख रुपये मुआवजा और नौकरी की मांग कर रहे थे। घटना की सूचना पाकर पड़वा थाना प्रभारी चन्द्रशेखर यादव के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुंची। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया, जिसके बाद जाम हटा। पड़वा थाना प्रभारी चन्द्रशेखर यादव ने घटना की पुष्टि की है।पड़वा थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव कहा कि ट्रक पलटने से एक मजदूर की मौत हो गयी, जबकि अन्य मजदूर जख्मी हैं। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लोगों को समझा-बुझाकर सड़क जाम हटा दिया गया है। मृतक मजदूर नेशनल हाईवे निर्माण कंपनी में काम करता था।

महिलाओं की ग्रामसभा में बंपर वोटिंग का निर्णय एक दूसरे को वोट देने के लिए करेंगी प्रेरित

पलामू, सूत्रकार

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग और प्रशासनिक तंत्र ने पूरी ताकत लगा दी है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कई स्तर पर पहल की जा रही है। पलामू लोकसभा क्षेत्र में 22,23,222 मतदाता हैं। जिसमें 50 प्रतिशत के करीब महिला मतदाता हैं। महिला वोटरों को जागरूक करने के लिए ग्रामसभा का आयोजन किया जा रहा है। महिला ग्रामसभा के माध्यम से वोटरों को जागरूक किया जा रहा है। दरअसल झारखंड लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी महिला ग्राम सभा का नेतृत्व कर रही है। पलामू में 16000 महिला स्वयं सहायता समूह है, जिनसे करीब ढाई लाख महिलाएं जुड़ी हुई हैं। वहीं 2695 आंगनबाड़ी केंद्र हैं और 3000 के करीब सहिया हैं। यह सभी एक साथ मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अभियान चला रहे हैं। अतिनक्सल प्रभावित इलाके में भी वोटिंग को लेकर महिलाएं ग्राम सभा कर रही हैं। अब तक कुल 212 ग्रामसभा की जा चुकी है। जिन इलाकों में वोट बहिष्कार होता था, उन इलाकों में महिलाएं वोट देने के लिए आपस में बैठक कर रही हैं। पलामू के अति नक्सल प्रभावित इलाका मनातू थाना क्षेत्र के चक में ग्राम सभा का आयोजन किया गया था। ग्राम सभा की अध्यक्षता मृदुला देवी ने किया। जबकि रूपा देवी ने महिलाओं को वोटिंग के महत्व के बारे में बताया। मंजू देवी ने लोगों को जागरूक किया। चक के अलावा पलामू के कई ऐसे नक्सल प्रभावित इलाके हैं जहां ग्रामसभा आयोजित हुई थी। जेएसएलपीएस के बीपीएम कुमारी नम्रता ने बताया कि ग्रामसभा के माध्यम से महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक वोटिंग का प्रतिशत बढ़े। ग्रामसभा के माध्यम से महिलाओं को कई स्तर पर जागरूक किया जा रहा है। महिलाओं को लोभ लालच या दबाव में नहीं आकर वोट करने की अपील की जा रही है। जेएसएलपीएस की डीपीएम शांति मार्डी ने बताया मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है और ग्रामीण इलाके में ग्रामसभा का आयोजन किया जा रहा है। मिशन 80 प्रतिशत को पूरा करने के लिए पूरी ताकत लगाई गई है। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है और उन्हें घर से बाहर निकाल कर वोटिंग करने की अपील की जा रही है।

खूंटी लोकसभा सीट से नौ प्रत्याशियों का नामांकन रद्द

खूंटी, सूत्रकार

झारखंड लोकसभा चुनाव को लेकर पहले चरण के मतदान के लिए नामांकन समाप्त हो गयी। शुक्रवार को दाखिल पर्चे की स्क्रूटनी की गयी। जहां खूटी सीट से नौ प्रत्याशियों का नामांकन रद्द कर दिया गया। इस सीट से कुल 16 लोगों ने नामांकन किया था। इसके बाद अब सिर्फ 7 प्रत्याशी ही मैदान में रह गये हैं। जिन उम्मीदवारों का नामांकन अस्वीकार किया गया है उनमें अबुआ झारखंड पार्टी के सोमा मुंडा, भागीदारी पार्टी पी के जयपाल मुंडा, अंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया के समड़ोम गुड़िया, अंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया से ही सामुएल पूर्ति, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया के थॉमस डांग, झारखंड पार्टी के प्यारा मुंडू, लोकहित अधिकारी पार्टी के काषीनाथ संगा, निर्दलीय उम्मीदवार सुबोध पूर्ति और अहलाद केरकेट्टा शामिल हैं। पर्चा रद्द होने के बाद चुनावी मैदान में भाजपा के अर्जुन मुंडा, कांग्रेस के कालीचरण मुंडा, झारखंड पार्टी की अर्पणा हंस, भारत आदिवासी पार्टी की बबीता कच्छप, बहुजन समाज पार्टी की सावित्री देवी, निर्दलीय उम्मीदवार बसंत कुमार लोंगा और पास्टर संजय कुमार तिर्की रह गये हैं। अयोग्य पाये गये उम्मीदवारों को लेकर उपायुक्त लोकेश मिश्र ने कहा कि अलग अलग कारणों से उम्मीदवारों के नामांकन को रद्द कर दिया गया है। डीसी ने यह भी कहा कि कई उम्मीदवारों के प्रस्तावकों की संख्या कम थी। तो वहीं कुछ कई के एफिडेविट में कमियां पायी गयी। इस वजह से इन उम्मीदवारों का नामांकन रद्द कर दिया गया।

वाहन के धक्के से राजमिस्त्री की मौत, लोगों ने किया सड़क जाम

घटना में बाइक भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त

जसीडीह, सूत्रकार

देवघर-सुल्तानगंज मुख्य पथ पर जसीडीह थाना अंतर्गत नैयाडीह मोड़ के समीप गुरुवार की सुबह तेज गति से जा रहे अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को कुचल दिया। इस घटना में बाइक सवार जसीडीह थाना क्षेत्र के गादी जमुआ गांव निवासी गंगाधर पंडित (40 वर्ष) की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। मृतक के पिता किनू पंडित व भाई बजरंगी पंडित ने बताया कि गंगाधर राज मिस्त्री का काम कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बुधवार की रात को अपनी भांजी की शादी समारोह में शामिल होने थाना क्षेत्र के रुपसागर गांव गया था। शादी में शामिल होने के बाद गुरुवार सुबह को वह अपनी बाइक हीरो होंडा स्पलेंडर (जेएच 15ए 1951) पर सवार होकर वापस घर लौट रहा था। इसी क्रम में सामने से तेज व लापरवाही से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक को धक्का मार दिया। इससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। घटना में बाइक भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना के बाद आक्रोशित परिजन व ग्रामीणों ने करीब डेढ़ घंटे तक सड़क जाम कर दिया। इससे मुख्य पथ के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। सड़क जाम कर रहे परिजन व ग्रामीणों ने मृतक के आश्रितों को मुआवजा देने व अज्ञात वाहन की पहचान कर चालक की गिरफ्तारी की मांग की। इसकी सूचना पाकर इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रवि ठाकुर सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। इसके बाद सड़क जाम हटाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता हासिल नही मिली। इंस्पेक्टर व देवघर बीडीओ अनंत कुमार झा द्वारा लोगों को समझाने व सरकारी स्तर पर मिलने वाला मुआवजा व सुविधा दिलाने का आश्वासन देने के बाद सड़क जाम को हटाया गया। साथ ही तत्काल दाह संस्कार के लिए मृतक के परिजन को 10,000 रुपये की आर्थिक मदद दी। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इधर, घटना की सूचना थाना पर एसआइ रामबचन सिंह, एएसआइ अजीत कुमार तिवारी, मुकेश कुमार सिंह, शशिभूषण राय जवान के साथ पहुंचे और जांच की। वहीं जिला परिषद सदस्य के प्रतिनिधि मनोज कुमार यादव व संजय दास भी मौके पर पहुंचे और सांत्वना दी। मृतक अपने घर में इकलौता कमाने वाला व्यक्ति था। उसके परिवार में पत्नी, दो पुत्री व एक पुत्र है। घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

कोयला लदा ठेला जब्त किये जाने के विरोध में छात्र सड़क पर उतरे

पाकुड़, सूत्रकार

कोयला चोरी के खिलाफ जिला पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान के दौरान पुलिस ने छात्रों द्वारा जलावन के लिए ले जाए जा रहे कोयले सहित ठेला जब्त कर लिया। कोयला लदा ठेला जब्त किये जाने के विरोध में सैकड़ों छात्रों ने उपायुक्त आवास के पास पाकुड़ दुमका मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। सड़क जाम कर रहे छात्रों ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और जब्त कोयले के साथ ठेला वापस करने और छात्रों के साथ दुर्व्यवहार करने वाले पुलिस कर्मियों और अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। छात्रों का कहना था कि जिला मुख्यालय स्थित आदिवासी कल्याण छात्रावास में खाना बनाने के लिए प्रशासन की ओर से कोई व्यवस्था नहीं की गयी है। वे खुद ही लिंक रोड से ठेला पर कोयला लादकर लाते हैं। शुक्रवार को यहां की पुलिस पार्टी ने उन्हें रोका और कोयले के साथ उनका ठेला भी जब्त कर लिया। साथ ही छात्रों को मारने-पीटने के लिए भी दौड़ाया। छात्रों ने बताया कि छात्रावास की इन समस्याओं को लेकर कई बार शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। मजबूरन उन्हें कोयला बीनना पड़ता है। उसके बाद ही वे खाना बना पाते हैं। छात्रों ने बताया कि पुलिस द्वारा की गयी गलत कार्रवाई और अन्य समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर सड़क जाम किया गया है, साथ ही प्रशासन जलावन के लिए कोयला उपलब्ध कराये या अन्य व्यवस्था कराये। इन्हीं मांगों को लेकर हम सड़क पर बैठे हैं। जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, तब तक सड़क जाम जारी रहेगा। सड़क जाम की सूचना मिलते ही नगर थाने की पुलिस वहां पहुंची और छात्रों को शांत कराया तथा उनकी मांगें जल्द पूरी करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद सड़क जाम हटाया गया। सहायक अवर निरीक्षक सनातन मांझी ने बताया कि कार्रवाई के दौरान पुलिस दल को इस बात की जानकारी नहीं थी कि ये बच्चे छात्रावास में जलावन के लिए कोयला ले जा रहे हैं। इसी भ्रम के कारण ठेला जब्त कर लिया गया। उन्होंने कहा कि छात्रों की मांगों को वरीय पदाधिकारी के समक्ष रखा जायेगा।

www.sutrakarsamachar.com
सब्सक्राइब करें
रांची,शनिवार , 27 अप्रैल2024

किसानो का आरोप, चुनाव जीतने के बाद नहीं आते सुधि लेने

मोतिहारीः सुबह के 9 बज रहे हैं. किसान अपने खेत में मजदूरों के संग खुद गेहूं की कटनी में जुटे हैं. तपती धूप के बीच कटनी के बाद गेहूं के बोझे बांध कर ही दम लेंगे. यह नजारा पहाड़पुर ब्लॉक के दक्षिण नोनेया पंचायत के महतो टोला में दिखा, जहां चुनावी चासनी से बेखबर गेहूं कटनी में किसान और मजदूर दिखे. चुनावी हलचल के बारे में जब पूछा गया तो पलटू राम की पत्नी रुनसानी देवी ने बताया कि पहले तो पेट भरने की चिंता है. जब अनाज घर में हो जाय तब न चुनाव के बारे में सोचूंगी. उसे लगा कि कोई वोट के लिए आए हैं, तब वह अपनी दुखड़ा सुनाने लगी.

बताया कि वोट के लिए तो सभी आते हैं लेकिन चुनाव बीतने के बाद कोई भी नेता सुधि लेने नहीं आते. इतना कहते हुए वह गेहूं कटनी में मशगूल हो गई. छठु राम की पत्नी ने बताया कि कटनी के बाद घर के पुरुष कमाने के लिए फिर परदेश चले जाते हैं. जब पूछा गया कि पांच किलो राशन तो फ्री में मिलता है. तब बाहर कमाने जाने की क्या जरूरत है. तभी तपाक से बोलती हैं कि इससे पेट तो भर जाएगा लेकिन घर परिवार नहीं चलेगा. बेटा बेटी की पढ़ाई कैसे होगी. बिटिया की शादी में बहुत खर्च होता है. इसके लिए कमाकर पाई पाई जोड़ना पड़ता है. जब तक घर के पुरुष बाहर कमाने नहीं जायेंगे तबतक शरीर पर एक भी अच्छा वस्त्र नहीं मिलेगा. जब घर के लोग बाहर नहीं जायेंगे तो बीमार पड़ने पर दवा आदि के लिए पैसे कहां से आयेंगे.

सीमा के दोनों ओर रहेगी निगेहबानीः आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भारत नेपाल सीमापर पर दोनों ओर से होगी निगेहबानी. अपराधियों एवं अपराध की सूचना आदान प्रदान करने, शराब तस्करी पर प्रतिबंध लगाने एवं असमाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए भारत एवं नेपाल के अधिकारियों की बैठक कुण्डवा चैनपुर थाने पर सिकरहना डीएसपी अशोक कुमार के नेतृत्व मे सम्पन्न हुई. बैठक मे दोनों देश के अधिकारियों ने उपस्थित होकर सीमा सुरक्षा को रणनीति तैयार की. अधिकारियों ने दोनों ओर के जवानों की संयुक्त गश्त एवं सूचना के तुरंत आदान प्रदान करने पर सहमति जताई.

न्यूज फ्लैश

तोपचांची पंचायत के मुखिया सरवर ख़ान के भाभी के मैयत में पहुंचे झारखंड जनहित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष माना पाठक

तोपचांची। तोपचांची प्रखंड के अन्तर्गत तोपचांच पंचायत के मुखिया सरवर ख़ान के भाभी के मैयत में शोक में सांत्वाना देने पहुंचे माना पाठक हर सम्भव शोक संतप्त परिवार से लगातार मिलते रहते हैं । तोपचांची पंचायत तोपचांची प्रखंड के पूर्व कांग्रेसी नेता महरुम रमजान खान की पत्नी शबीर खान की मां एवं तोपचांची मुखिया गुलाम सरवर खान की भाभी पिछले एक माह से बीमार थी और उनका इलाज रांची स्तिथ एक अस्पताल में चल रहा था। अंततः एक माह से लंबी बीमारी से लड़ते हुए जिंदगी की जंग आखिर हार गई। उनका अंतिम संस्कार तोपचांची के कब्रिस्तान में किया शुपूदे खाक किया गया।

धनबाद के विकास के लिए कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को वोट दें - सीता राणा

धनबाद। धनबाद लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी की जिलाध्यक्ष सीता राणा ने धनबाद नगर अध्यक्ष पुनम देवी के नेतृत्व में मनईटांड, गांधी नगर सब्जी बगान, मटकुरिया क्षेत्र में सघन जन संपर्क अभियान चलाया।

मौके पर सीता राणा ने लोगों से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में वोट करने की अपील करते हुए कहा कि धनबाद का विकास कांग्रेस प्रत्याशी ही कर सकता है। सीता राणा ने कहा कि कांग्रेस के पांच न्याय और पच्चीस गारंटी पर भरोसा कीजिए यह आम आदमी के जीवन को बदलने और खुशियां लाने वाला है।

जिला सचिव हेमंती जयसवाल ने कहा कि आजं कुछ लोग धनबाद में विकास ना होने और विकास करने का दावा कर रहे जबकि धनबाद में उन्हीं का प्रतिनिधित्व रहा है। इस झूठे वादे और झूठे सपने से बचना है और धनबाद के सपने को पूरा करने के लिए कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने के लिए हाथ का बटन दबाना है।

धनबाद नगर अध्यक्ष पुनम देवी ने कहा कि धनबाद में कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह की प्रचंड जीत होगी। धनबाद नगर में महिला कांग्रेस द्वारा सघन जन संपर्क अभियान के माध्यम से कांग्रेस के पक्ष में वोट की अपील की ज रही है। धनबाद की जनता कांग्रेस के विचारधारा के साथ है।

जन संपर्क अभियान में नूतन विश्वकर्मा , सुनीता निषाद, रजनी देवी, गीता सिंह, मुस्कान कुमारी, सिक्की देवी, रिंकू देवी, भागी महतो, पावती देवी, बिटू सिंह, निशा देवी, रीना देवी, बॉबी शर्मा, ओम गीता, मीना देवी, लक्ष्मी देवी, सुनीता देवी आदि शामिल थी।

बी पी नियोगी अस्पताल के सहयोग लगातार चलाए

मैथन , नैगम सामाजिक दायित्व, दामोदर घाटी निगम, मैथन के तहत बी पी नियोगी अस्पताल के सहयोग लगातार चलाए जाने बाले चलंत चिकित्सा वाहन द्वारा सामान्य स्वास्थ्य जांच सह उपचार के साथ आज पोइलाडीह ग्राम मे कुल 56 लोगों का सामान्य स्वास्थ्य जांच एवं 36 लोगों का औचक ब्लड शुगर था ब्लड प्रेशर की जांच की गई जिसमे से कुल लोगों मे सुगर लेवल बढ़ा हुआ पाया गयो बी। नियोगी अस्पताल के डॉ श्रीमती अनुपमा जया करकेटा एवं उनके दल द्वारा सभी लोगों को शुगर एवं ब्लड प्रेशर के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी गईं उचित खानपान एवं शारीरिक श्रम, व्यायाम इत्यादि के लिए सजग रहने हेतु बताया गयो हाई ब्लड शुगर एवं हाई ब्लड प्रेशर के रोगियों एवं उनके परिजनों को इस बढ़ती गमी मे सचेत रहते हुए अपने स्वास्थ्य के प्रति हमेशा जागरूक रहने की सलाह एवं कार्यक्रम की जानकारी देते हुए नैगम सामाजिक दायित्व के प्रबंधक डॉ कौशलेन्द्र कुमार ने बताया की दामोदर घाटी निगम मैथन सीएसआर द्वारा हम लगातार सामुदायिक विकास एवं जनजागरूकता का प्रयास करते आ रहे हैं, ताकि हमारे आसपास के सभी नागरिक/ग्रामीण स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन व्यतीत कर सकें कार्यक्रम को सफल बनाने मे बी पी नियोगी अस्पताल की प्रणमिता चंद्रा ने भी सक्रिय भूमिका अदा की विदित हो बीते 16 अप्रैल को भी इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन नैगम संजीक दायित्व के पश्चिम बंगाल क्षेत्र के बासकेटीया गाँव भी किया गया था जिसमे अस्पताल प्रबंधन की ओर से डॉ श्रीमती स्वाति विश्वास मजूद थी और कुल 72 लोगों की स्वास्थ्य परीक्षण किया था

भीषण गमी के प्रकोप को देखते हुए सीआईएसएफ बल सदस्यों के द्वारा शुक्रवार सीआईएसएफ के बैरक

मैथन। डीबीसी मैथन में कार्यरत सीआईएसएफ की इकाई के उपसमादेष्टा अनिल कुमार के निर्देशन में संरक्षिका कार्यक्रम के अंतर्गत भीषण गमी के प्रकोप को देखते हुए सीआईएसएफ बल सदस्यों के द्वारा शुक्रवार सीआईएसएफ के बैरक -01 के सामने राहगीरों को शरबत पिलाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में शामिल बल सदस्यों ने बताया की क्षेत्र में पड़ रही भयानक गमी और लू को देखते हुए गमी और लू से निजात दिलाने के लिए मानव हित में शर्वत पिलाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। हमारे अधिकांश बल सदस्य पर्वो को मानने के समय अपने परिवार के साथ नही होते तो इस तरह का सामाजिक कार्यक्रम आयोजित कर परिवार के संग होने की अनुभूति को अनुभव कर आत्मसंतुष्ट हो लेते हैं।

बीबीएमकेयू में अभाविप ने किया भूगोल विभाग के नए विभाग अध्यक्ष का स्वागत

धनबादःचास महाविद्यालय चास की भूगोल विभाग की सहायक अध्यापिका प्रो. शीतल शैली टोप्पो को विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय धनबाद की स्नातकोत्तर भूगोल विभाग अध्यक्ष बनाया गया।शुक्रवार 26 अप्रैल को धनबाद के विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के अखिल भारतीय विद्याथी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया तथा उन्हें छात्र हित मे कार्य करने के लिए शुभकामनाएं भी दी गई। मौके पर विश्वविद्यालय के छात्र नेता मनीष झा, संस्कार केंद्रीया, राकेश रजक, नीतू कुमारी, हनी पाठक, निशा ,अंजलि, स्वाति, स्वीटी , साक्षी समेत दजर्नों छात्रा मौजूद थे।

आईपीएल फैन पार्क का 27 व 28 अप्रैल को गोल्फ ग्राउंड में होगा आयोजन

धनबादः धनबाद में आईपीएल के फैन पार्क का आयोजन 27-28 अप्रैल को गोल्फ ग्राउंड में बड़ी स्क्रीन पर कोयलांचलवासी मैच का मजा उठायेंगे।पहले दिन दिल्ली-मुंबई और लखनऊ-राजस्थान रविवार को गुजरात-बेंगलुरु और चेन्नई-हैदराबाद के बीच मैच का होगा प्रसारण अभी आईपीएल के रंग में पूरा देश डूबा हुआ है। बीसीसीआई छोटे-छोटे शहर के नागरिकों सभी टीम के फन को खेल कबड्डी स्कीम पर लुफ्त उठाने का काम रही है। इस रंग में कोयलांचल वासियों को रंगने के लिए बीसीसीआई 27 व 28 अप्रैल को धनबाद में फेन पार्क का आयोजन कर रही है।चुनावी बयार के बीच बीसीसीआई द्वारा आयोजित आईपीएल की धूम भी पूरे देश में मची हुई है।देश के छोटे-छोटे शहरों को भी इससे सीधे जोड़ने के लिए

बीसीसीआई फेन पार्क का आयोजन कर रही है। धनबाद में भी क्रिकेट प्रेमियों के लिए इस साल भी 27 व 28 अप्रैल को फेन पार्क का आयोजन किया जा रहा है।गोल्फ ग्राउंड में आयोजित इस धमाल में न सिर्फ बड़ी स्क्रीन पर मैच का प्रसारण किया जायेगा, बल्कि बच्चों और दूसरा मनोरंजन का साधन भी उपलब्ध कराया जायेगा। गमी को देखते हुए पीने के पानी की भी निःशुल्क व्यवस्था की जा रही है। बीसीसीआई से आये सतपाल निकाडी ने बताया कि इस पर फेन पार्क में चार भाग्यशाली लोगों को लक्की ड्रा के माध्यम से खिलाड़ियों के हस्ताक्षरित टी शर्ट दिया जायेगा। वहीं झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के डिस्ट्रिक्ट रिप्रेजेंटेटिव विनय सिंह ने बताया कि बीसीसीआई द्वारा धनबाद में फेन पार्क का आयोजन किये जाने का लाभ यहां के किक्रेट प्रेमियों को मिलेगा। उन्होंने बताया कि धनबाद में अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम की डिमांड लंबे समय से की जा रही है, परंतु नहीं मिलने के कारण आईपीएल जैसे क्रिकेट मैच का आयोजन नहीं हो पा रहा है।

कांग्रेस मतदाताओं और सीविल सोसाइटी में रोष व्याप्त

धनबाद संसदीय क्षेत्र के लिए कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में धनबाद जिला से बहार के प्रत्याशी बनाये जाने पर कांग्रेस कमी, कांग्रेस मतदाताओं और सीविल सोसाइटी में रोष व्याप्त है जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों से प्रत्याशी बदलने की मांग कांग्रेस कमिर्यों और मतदाताओं के तरफ से हो रहा है। आज का यह विरोध प्रदर्शन में हम सभी कांग्रेस कमी और मतदाता कांग्रेस आलाकमान से मांग करते है कि पाटी हित में धनबाद लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी पर पुनविर्चार किया जाये।

हम कांग्रेस कमी लगातार पांच वर्षो तक सड़क पर संघर्ष करते है और चुनाव आने पर 2019 में भागलपुर से कीर्ति झा आज़ाद तो वतर्मान 2024 में बेरमो विधायक जयमंगल सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह जो कि कांग्रेस पाटी कि सक्रिय सदस्य भी नहीं है, किसी कांग्रेस के कार्यकर्ता को पहचानती तक नहीं है ।किस मापदंड पर इन्हे प्रत्याशी बना दी गई है ? प्रदेश

कांग्रेस अध्यक्ष श्री राजेश ठाकुर और प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने आलाकमान को गुमराह कर प्रत्याशी बनवाने का काम किया है । यह निश्चित रूप से एक षड्यंत्र के तहत राहुल गाँधी जी के स्लोगन ₹ जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी हिस्सेदारी₹ के तहत पिछड़ा , दलित , आदिवासी, अल्पसंख्यक समाज को हिस्सेदारी दिलाने के संकल्प और सोंच का अपमान और मजाक उडाया गया है।झारखण्ड का गठन जिस झारखंडियात की भावना पर किया गया था उसके ऊपर एक कुठाराघात है। राहुल जी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा से यहाँ के बहुशंख्यक समाज कांग्रेस के लिए गोलबंद हुआ था पर झारखण्ड कांग्रेस प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष के अदूरदशी सोच से काफी निराशा हाथ लगी है। यह निर्णय धनबाद से भाजपा की बड़ी जीत का मार्ग प्रशस्त करती नजर आती है।

लोकसभा समन्वय समिति की बैठक में प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर साहब ने स्थानीय नेताओं के अनुरोध पर आश्वस्त किया था कि धनबाद जिला से स्थानीय प्रत्याशी दी जाएगी। पर प्रत्याशी घोषणा पर उक्त मापदण्ड का पालन नहीं हुआ है। उक्त घोषणा से धनबाद जिला के स्थानीय प्रत्याशी की अवहेलना की गई है जिससे सभी दावेदार निराश, हताश हुए है।

आज हम सभी कांग्रेसी कमी, मतदाता, सिविल सोसायटी के सदस्य कांग्रेस आलाकमान से मांग करते है की कांग्रेस पाटी के हित में प्रत्याशी बदल कर स्थानीय नेता को प्रत्याशी बनाया जाए। अगर कांग्रेस पाटी धनबाद लोकसभा के प्रत्याशी पर पुनविर्चार नहीं करती है तो हम सब सामूहिक रूप से कांग्रेस पाटी से अपना इस्तीफा देंगे साथ ही आने वाला विधानसभा में भी इसका परिणाम पाटी को भुगतना पड़ेगा।

निदलीय प्रत्याशी लक्ष्मी देवी का तूफानी दौरा

धनबाद। धनबाद लोकसभा चुनाव में निदलीय प्रत्याशी लक्ष्मी देवी का तूफानी दौरा जारी है। लक्ष्मी देवी ने धनबाद विधानसभा क्षेत्र के साथ झरिया विधानसभा क्षेत्र का तूफानी दौरा किया। इस दौरान लक्ष्मी देवी महिलाओं से मिली और धनबाद लोकसभा से अपने लिए वोट का आशीर्वाद मांगी। महिलाओं का समर्थन लक्ष्मी देवी को मिल रहा है।

लक्ष्मी देवी ने कहा कि धनबाद के विकास को जानबूझ काट ग्रहण लगाया गया। एयरपोर्ट, एम्स अस्पताल, रेल आदि चुप्पी के कारण छीन गया। लेकिन अगर धनबाद की जनता ने आशीर्वाद दिया तो धनबाद को जन सुविधा का सौगात जरूर मिलेगा और नागरिक सुविधा बहाल होगी। बिजली पानी पर्याप्त और निर्बाध मिलेगा। लक्ष्मी देवी ने लोगों से मिलकर आशीर्वाद और समर्थन मांगा।

एआईआरएफ के शताब्दी अधिवेशन में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित हुए

धनबाद,ताल कटोरा इन्डोर स्टेडियम,नई दिल्ली में रेलकमिर्यों के सबसे बडे,सबसे पुराने और सबसे जुझारू संगठन, ऑल इण्डिया रेलवेमेन्स फेडरेशन के ऐतिहासिक शताब्दी अधिवेशन के प्रतिनिधि सत्र का आयोजन गुरूवार को सम्पन्न हुआ, जिसमें पूरे भारतीय रेल के कोने-कोने से 1500 से अधिक प्रतिनिधियों एवं 3000 से अधिक अन्य संगठन के सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। ईसीआरकेयू की ओर से महामंत्री एस एन पी श्रीवास्तव सहित 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

एआईआरएफ के सभी पदाधिकारी एवं जोनल सचिवों के साथ-साथ आई टी एफ इन्लेण्ड ट्रान्सपोर्ट रेलवे सेक्शन की स्ट्रेटिजिक प्लानर एवं एआईआरएफ महिला विंग की चेयरपर्सन श्रीमती जया अग्रवाल, संयोजक श्रीमती प्रवीणा सिंह, एवं एच एम एस एशिया-पैशिफिक विंग की अगुआ सुश्री चंपा वर्मा मंच पर उपस्थित रहें। इस महत्वपूर्ण ऐतिहासिक ह्यशताब्दी अधिवेशनह्य में रेल कमर्चारियों के समक्ष उपस्थित चुनौतियों पर गम्भीर विस्तृत चर्चा हुई, ऑल इंण्डिया रेलवेमेन्स फेडरेशन की पहल पर ह्यह्यनेशनल पेशन सिस्टमह्यह्य (एनपीएस) की खामियों के मद्देनजर गठित पुरानी पेशन स्कीम बहाली का संकल्प संयुक्त मंच (जेएफआरओपीएस) द्वारा लिया गया है ।इस अधिवेशन में इस तथ्य पर गम्भीर मंत्रणा के पश्चात सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया कि यदि नौजवान रेलकमिर्यों एवं अन्य सरकारी

कमर्चारियों के लिए परिभाषित एवं गारेन्टेड पेशन में प्रदत लाभ एवं सुविधाए बहाल नहीं की जाती हैं तो देशव्यापी आम हड़ताल को टाला नहीं जा सकेगा। शताब्दी अधिवेशन के प्रतिनिधि सत्र में रेलकमिर्यों के 40 प्रमुख मांग पत्र सहित कुल 9 प्रस्तावों को भी विस्तृत विचार विमर्श के बाद पारित करने का कार्य हुआ। सम्मेलन के केन्द्रीय मंच से रखे गए प्रस्तावों पर अपनी बात रखते हुए ईसीआरकेयू के महामंत्री एस एन पी श्रीवास्तव ने कहा कि यूनियन के सभी सक्रिय सदस्यों, युवा समिति एवं महिला समिति के सदस्यों को अगस्त में होने वाले यूनियन की मान्यता प्राप्त करने के लिए होने वाले चुनाव की तैयारी में जुट जाना चाहिए ।

उक्त जानकारी देते हुए अपर महामंत्री मो ज़्याऊद्दीन ने कहा कि आने वाले दिनों में होने वाले यूनियन के चुनाव में पूर्व मध्य रेलवे में ईसीआरकेयू को तीसरी बार एकमात्र यूनियन के रूप में स्थापित कराना ही हमारा एकमात्र लक्ष्य है। इसके लिए हमें रेलकमिर्यों के हितों और अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी तरह से समर्पित हो जाना है।

यूनियन के मीडिया प्रभारी एन के खवास ने बताया कि इस वार्षिक सम्मेलन में ईसीआरकेयू के महामंत्री एस एन पी श्रीवास्तव को एआईआरएफ का उपाध्यक्ष,अध्यक्ष डी के पाण्डेय एवं अपर महामंत्री मो ज़्याऊद्दीन को वर्किंग कमिटी मेम्बर तथा ओ पी शर्मा को जोनल सेक्रेटरी के लिए मनोनीत किया गया। धनबाद मंडल से सहायक महामंत्री ओमप्रकाश, केन्द्रीय संगठन मंत्री सोमेन दत्ता एवं नेताजी सुभाष,आई एम सिंह,बी के साव,ए के तिवारी,अमित शेखर सिंह,आर के सिंह,विकास कुमार,सुदर्शन,पी के सिन्हा,रूपेश कुमार,आर एन चौधरी,स्वेता कुमारी, दीपा कुमारी आदि सम्मिलित हुए।

एआईआरएफ के शताब्दी वर्ष अधिवेशन में रेलकमिर्यों की कुछ प्रमुख मांग :-

1- नई पेंशन योजना वापस कर गारंटीड पेंशन योजना लागू करो।
2- रेलवे का निजीकरण बंद करो।
3- संरक्षा पदों को सरेंडर करना बंद करो।
4- बोनस की सिलिंग 7000 से बढ़ाकर वास्तविक वेतन के आधार पर निश्चित करो।
5- जोखिम कार्य करने वाले सभी पदों के कमर्चारियों को जोखिम भत्ता स्वीकृत करो।
6- 1800 के पदों के 50 प्रतिशत को 1900 ग्रेड में अपग्रेड करो।
7- ट्रेन मैनेजर और लोको पायलट को एम ए सी पी के तहत 4600 और 4800 ग्रेड पे देना सुनिश्चित करो।
8- चेकिंग स्टाफ को रनिंग स्टाफ की सभी सुविधाएं उपलब्ध कराओ।
9- पेट्रोलिंग स्टाफ को अधिकतम 12 किमी ही चलाया जाए तथा रक्षक उपकरण मुहैया कराया जाए।
10- इंजिनियरिंग कमर्चारियों को 4600/4800 तक पदोन्नति के अवसर उपलब्ध कराओ।

www.sutrakarsamachar.com
सूत्रकार सब्सक्राइब करें
रांची,शनिवार , 27 अप्रैल2024

संपादकीय

आलोचना का अधिकार

अक्सर सुनने में आता है कि विचारों की अभिव्यक्ति को लेकर पुलिस का रवैया आक्रामक होता है और वह अनावश्यक धाराओं में व्यक्ति को गिरफ्तार व प्रताड़ित करने में जल्दबाजी दिखाती है। ऐसे ही एक प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को राज्य के किसी फैसले पर आलोचना करने का आधिकार है। दरअसल, अनुच्छेद 370 को निरस्त करने की निंदा करने वाली एक टिप्पणी पर एक प्रोफेसर के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करते हुए शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी की। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र पुलिस ने ह्यपांच अगस्त को ब्लैक डे जम्मू और कश्मीरह्ल और ह्य14 अगस्त पर पाकिस्तान को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएंह्ल जैसे व्हाट्सएप संदेश पोस्ट करने के लिये प्रोफेसर जावेद अहमद पर आईपीसी की धारा 153-ए के तहत मामला दर्ज किया था। दरअसल, यह मामला धर्म, जाति आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने पर दर्ज किया जाता है। इसी वजह से बॉम्बे हाईकोर्ट के एक आदेश को रद्द करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि यदि राज्य के कार्यों की हर आलोचना या विरोध को धारा 153-ए के तहत अपराध माना जाता है तो यह संविधान प्रदत्त अनिवार्य हक के विरुद्ध, लोकतंत्र की आत्मा के हनन जैसा होगा। इस मामले पर चर्चा करते हुए शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि वैध तरीके से असहमति का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 19(1)ए के तहत गारंटीशुदा अधिकार है।

उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने बीते साल दिसंबर में अनुच्छेद 370 को केंद्र सरकार द्वारा निरस्त करने के वर्ष 2019 के फैसले को बरकरार रखा था। इसके बावजूद केंद्र सरकार के फैसले को लेकर अस्वीकृति की आवाजें अभी कम नहीं हुई हैं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आलोक में पिछले दिनों प्रधानमंत्री की जम्मू-कश्मीर यात्रा के दौरान भी विपक्षी नेताओं की ऐसी प्रतिक्रिया देखी गई। लेकिन प्रोफेसर के मामले में पुलिस की विवादास्पद भूमिका को न्यायिक और सार्वजनिक जांच के दायरे में ला दिया है। दरअसल, देखा जाता है कि ऐसे मामलों में पुलिस आनन-फानन में असहमति जताने वाले को पकड़ने के लिये मामले को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर देती है। यही वजह है कि अदालत को कहना पड़ा कि बोलने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की अवधारणा तथा इस आजादी को लेकर उचित संयम की सीमा के बारे में हमारे पुलिस तंत्र को जागरूक व शिक्षित करने की जरूरत है। निश्चित रूप से देश के नीति-नियंताओं को शीर्ष अदालत के सुझाव पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। वहीं देश के पुलिसकर्मियों को संविधान में निहित लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। निस्संदेह, सामान्य मामलों के आधार पर मुकदमें दर्ज करना पुलिस के निरंकुश व्यवहार को ही दशार्ता है। जो निश्चित रूप से एक अलोकतांत्रिक कदम कहा जाएगा। विश्वास किया जाना चाहिए कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आलोक में अब पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पोस्ट के आधार पर व्यक्ति विशेष को असामाजिक व राष्ट्रविरोधी करार देने से रोका जाएगा। निस्संदेह,हिंसा व घृणा को बढ़ावा न देने वाली टिप्पणियों पर दंडात्मक कार्रवाई नहीं होनी चाहिए।

इस्लामोफोबिया से मुकाबिल संयुक्त राष्ट्र संघ: एक प्रशंसनीय पहल



राम पुनियानी

सभ्यताओं के टकराव के सिद्धांत को गलत सिद्ध करने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ ने हर संभव प्रयास किए। संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव कोफी अन्नान ने इस सिद्धांत की पड़ताल करने के लिए एक उच्च स्तर समिति की नियुक्ति की। इस समिति, जिसमें एक भारतीय सदस्य भी था, ने जो रिपोर्ट प्रस्तुत की उसका शीर्षक था एलायन्स आफ सिविलाईजेशन्स अर्थात सभ्यातओं का गठबंधन। इस रिपोर्ट में यह कहा गया था कि मानव जाति ने जो भी उन्नति की है उसमें सभी सभ्यताओं, धर्मों और संस्कृतियों का योगदान रहा है। अब चूंकि दुनिया भर में अमरीका का बोलबाला है इसलिए इस रिपोर्ट को मीडिया ने नजरअंदाज कर दिया और इस्लामोफोबिया बना रहा।

कुछ सालों पहले संयुक्त राष्ट्र संघ में एक प्रस्ताव प्रस्तुत कर पाकिस्तान ने यह मांग की थी कि वर्ष के किसी एक दिन को ह्यह्यइस्लामोफोबिया के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवसह्लह्ल घोषित किया जाए। उस समय कई देशों, जिनमें भारत भी शमिल था, ने इसका विरोध करते हुए कहा था कि फोबिया अर्थात उनके प्रति डर के भाव से कई अन्य धर्म भी पीड़ित हैं। प्रस्ताव का विरोध करने वाले देशों की संख्या कम थी और संयुक्त राष्ट्र संघ ने अंततः 15 मार्च को इस्लामोफोबिया के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस घोषित कर दिया। दुर्भाग्यवश, पिछले महीने इस दिवस पर कोई चर्चा नहीं हुई।

इस साल संयुक्त राष्ट्र संघ ने एक कदम और आगे बढ़ाते हुए इस मांग को स्वीकार कर लिया है कि इस्लामोफोबिया से मुकाबला करने के लिए विशिष्ट कार्यवाहियाँ करने हेतु विशेष दूत की नियुक्ति की जाए। यह मांग भी पाकिस्तान की ओर से आई थी और इसका भी भारत सहित कई देशों ने विरोध किया था। प्रस्ताव पर बोलते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत टी.एस. तिरूमूर्ति ने कहा कि पूरी दुनिया में धर्मों और पंथों पर लक्षित हिंसा में बढ़ोत्तरी हो रही है। कुछ लोग यहूदियों के विरूद्ध हैं, कुछ ईसाईयों के और कुछ हिन्दुओं के। बौद्धों और सिक्खों के विरूद्ध हिंसा की घटनाएँ भी होती रहती हैं। उनके अनुसार दुनिया में बहुत से फोबिया हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हम सब जानते हैं कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने 16 नवम्बर को सहिष्णुता दिवस घोषित किया है। उन्होंने यह भी कहा कि बहुवाद इन सभी फोबिया से निपटने के लिए पर्याप्त है और इस्लामोफोबिया के लिए अलग से कुछ किये जाने की जरूरत नहीं है।

सच क्या है? क्या अन्य धर्मों के खिलाफ फोबिया और इस्लामोफोबिया में कोई फर्क है? यह सही है कि दुनिया में अलग-अलग धर्मों के लोगों को दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में फोबिया का सामना पड़ा है। अगर हम दक्षिण एशिया की बात करें तो श्रीलंका में तमिल हिन्दुओं और पाकिस्तान में सभी हिन्दुओं को प्रताड़ित किया गया। इसी तरह श्रीलंका, पाकिस्तान और भारत में भी ईसाई प्रताड़ित किये गये हैं। वर्तमान में तालिबान-शासित अफगानिस्तान में रह रहे सिक्ख हर तरह से परेशान हैं।

तो फिर इस्लामोफोबिया अन्य धर्मों के प्रति फोबिया से इतना अलग क्यों है कि संयुक्त राष्ट्र संघ को उससे मुकाबला करने के लिए एक विशेष दिवस की घोषणा करनी पड़ी और एक विशेष दूत नियुक्त करना पड़ा? यह हमारा दुर्भाग्य है कि वर्तमान में वैश्विक राजनीति पर पहचान से जुड़े मुद्दों का वर्चस्व है। श्रीलंका में लिट्टे के सदस्यों के दमन के पीछे नस्लीय मुद्दे थे। वैश्विक स्तर पर इस्लामोफोबिया की आमद से बहुत पहले से भारत में मुसलमान अलग-अलग तरह से डराये-धमकाये जाते थे और उनके प्रति नफरत का भाव भी था। इसके कारण उनके खिलाफ हिंसा भी होती थी। तो ऐसे में इस्लामोफोबिया अलग क्यों है और वह अन्य धार्मिक फोबिया से अधिक डरावना क्यों है?

केवल धर्म के आधार पर किसी को प्रताड़ित करने या किसी से नफरत करने का पागलपन बहुत पुराना है। इस मामले में इस्लामोफोबिया एक नई परिघटना है। इस्लामोफोबिया का उदय सन 1970 के दशक में हुआ जब अमरीका के पिट्ठू रजा शाह पहलवी को अपदस्थ कर अयातुल्ला खुमैनी ने ईरान में सत्ता संभाली। उस समय अमरीका ने यह कहा कि इस्लाम दुनिया के लिए नया खतरा है। टाईम पत्रिका की कवर स्टोरी का शीर्षक था इस्लाम एज द न्यू थ्रेट। नया खतरा क्यों? वह इसलिए क्योंकि उस समय तक अमरीकी मीडिया कम्युनिज्म को स्वतंत्र दुनिया के लिए सबसे बड़ा खतरा बताता था। स्वतंत्र दुनिया से आशय था अमरीका के वर्चस्व वाली दुनिया। उस समय अमरीका की राजनैतिक और आर्थिक दादागिरी को रूस (सोवियत संघ) के नेतृत्व वाला समाजवादी गुट ही चुनौती दे रहा था। उस समय अमरीका ने दुनिया को यह समझाया कि कम्युनिज्म उसके लिए सबसे बड़ा खतरा है। इस विचार, जिसे दुनिया का सबसे ताकतवर देश फैला रहा था, को पूरी दुनिया ने स्वीकार कर लिया। इससे कार्ल मार्क्स का वह कथन एक बार फिर सही साबित हुआ कि शासक वर्ग के विचार ही शासन करते हैं।

शनैः शनैः समाजवादी रूस कमजोर होता गया और फिर 1990 के दशक में वह पूरी तरह बिखर गया। अब दुनिया के सबसे ताकतवर देश को लड़ने के लिए कोई और दानव चाहिए था। यह वह समय था जब अमरीका अपने पिट्ठू पाकिस्तान में मदरसों की स्थापना कर रहा था। महमूद ममदानी ने अपनी पुस्तक गुड मुस्लिम, बैड मुस्लिम में सीआईए के दस्तावेजों के हवाले से लिखा है कि अमरीका ने ही इन मदरसों का पाठ्यक्रम तैयार किया। यह पाठ्यक्रम इस्लाम के एक संकीर्ण (वहाबी) संस्करण पर आधारित था। अमरीका ने करीब 800 करोड़ डालर और स्ट्रिंगर मिसाईलों सहित 7,000 टन गोला-बारूद इन मदरसों में से पढ़कर निकले युवकों पर खर्च किए। ये युवक मुजाहिदीन कहलाते थे और बाद में इन्हीं से तालिबान और अलकायदा उपजे। हिलेरी क्लिंटन ने खुल्लम-खुल्ला कहा था कि अमरीका को अफगानिस्तान में रूसी कम्युनिस्टों ने लड़ने के लिए जुनूनी युवक चाहिए थे इसलिए उसने तालिबान को खड़ा किया और रूस की अफगानिस्तान से वापसी के बाद तालिबान को भी मदद देना बंद कर दिया।

अमरीका का उद्देश्य था पश्चिम एशिया में तेल के कुंओं पर कब्जा करना। उसकी सभी नीतियाँ इसी लक्ष्य को ध्यान में रखकर बनाई गई थीं। वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर 9/11, 2001 को हुए हमले में करीब 3,000 निर्दोष लोग मारे गये। मरने वालों में सभी धर्मों और सभी देशों के लोग थे। इसे बहाना बनाकर अमरीका ने अफगानिस्तान पर हमला कर दिया जिसमें 60,000 से ज्यादा जानें गईं। उसके बाद इस आधार पर ईराक पर हमला किया गया कि ईराक के पास महासंहारक हथियारों का जखीरा है। मगर ईराक पर कब्जा करने के बाद अमरीका वहां एक भी ऐसा हथियार नहीं ढूंढ सका।

वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हमला, जिसे ओसामा-बिन-लादेन की कारगुजारी बताया जाता है, के बाद अमरीकी मीडिया ने इस्लामिक आतंकवाद शब्द गढ़ा। अमरीका राजनैतिक, आर्थिक और सैन्य दृष्टि से दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश है। जाहिर है कि उसका मीडिया भी दुनिया में सबसे शक्तिशाली है। और इसी के चलते दुनियाभर के मीडिया ने इस्लामिक आतंकवाद शब्द का प्रयोग करना शुरू कर दिया और इसी से इस्लामोफोबिया जन्मा। एक समय सैम्युअल हंटिंगटन का एक सिद्धांत बहुत प्रसिद्ध था। इसे क्लैश ऑफ सिविलाईजेशन्स (सभ्यताओं का टकराव) कहा जाता था। उस समय ऐसी मान्यता थी कि पिछड़ी हुई इस्लामिक सभ्यता और विकसित पश्चिमी सभ्यता में वैश्विक स्तर पर टकराव होगा।

इस्लामोफोबिया के कारण ही अमरीका में मुसलमान समझकर एक सिक्ख की हत्या कर दी गई। इस्लामोफोबिया के कारण ही अमरीका में एक पादरी ने कुरान की एक प्रति जलाई। फिर एक अमरीकी ईसाई ने एक फिल्म बनाई जिसका शीर्षक था इनोसेन्स आफ मुस्लिम्स। इस फिल्म की एक क्लिप जो वायरल हुई थी में लंबी दाढ़ी वाले मुसलमानों को ईसाईयों पर हमले करते दिखाया गया था। हम सब को डेनमार्क की एक पत्रिका में प्रकाशित वह कार्टून याद है जिसमें पैगम्बर मोहम्मद को अपनी पगड़ी में एक बम छिपाए हुए दिखाया गया था। जाहिर है कि यह सब इसलिए हुआ क्योंकि पूरी दुनिया में इस्लाम के प्रति एक डर का भाव पैदा कर दिया गया। सबको लगने लगा कि इस्लाम और मुसलमान दुनिया के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं।

सभ्यताओं के टकराव के सिद्धांत को गलत सिद्ध करने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ ने हर संभव प्रयास किए। संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव कोफी अन्नान ने इस सिद्धांत की पड़ताल करने के लिए एक उच्च स्तर समिति की नियुक्ति की। इस समिति, जिसमें एक भारतीय सदस्य भी था, ने जो रिपोर्ट प्रस्तुत की उसका शीर्षक था एलायन्स आफ सिविलाईजेशन्स अर्थात सभ्यातओं का गठबंधन। इस रिपोर्ट में यह कहा गया था कि मानव जाति ने जो भी उन्नति की है उसमें सभी सभ्यताओं, धर्मों और संस्कृतियों का योगदान रहा है। अब चूंकि दुनिया भर में अमरीका का बोलबाला है इसलिए इस रिपोर्ट को मीडिया ने नजर-अंदाज कर दिया और इस्लामोफोबिया बना रहा।

भारत में समस्या और गंभीर इसलिए है क्योंकि यहां पहले से ही साम्प्रदायिक राजनीति के कारण विभिन्न समुदायों के बीच शत्रुता का भाव था। वैश्विक इस्लामोफोबिया ने मुसलमानों के खिलाफ नफरत में और इजाफा किया। स्वाधीनता संग्राम के दौरान मुस्लिम साम्प्रदायिक ताकतें हिन्दुओं के खिलाफ नफरत फैलाती थीं और हिन्दू साम्प्रदायिक ताकतें (हिन्दू महासभा और आरएसएस) मुसलमानों के खिलाफ। स्वतंत्रता के बाद मुस्लिम साम्प्रदायिक ताकतें कमजोर पड़ गई जबकि हिन्दू साम्प्रदायिक ताकतें और शक्तिशाली होती गईं और इस कारण ही देश में इस्लामोफोबिया व्याप्त है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने इस्लामोफोबिया से मुकाबला करने के लिए जो कदम उठाए हैं वे सराहनीय और उम्मीद जगाने वाले हैं।

(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हर-देनिया लेखक आईआईटी मुंबई में पढ़ाते थे और सन 2007 के नेशनल कम्यूनल हामोर्नी एवार्ड से सम्मानित

(चिंतन-मनन)

सच्चे ज्ञानी की विशेषता

व्यक्ति सत्संगति से तीन वस्तुओं को-शरीर, शरीर का स्वामी या आत्मा तथा आत्मा के मित्र को- एक साथ संयुक्त देखता है, वही सच्चा ज्ञानी है। जब तक आध्यात्मिक विषयों के वास्तविक ज्ञाता को संगति नहीं होती, वे अज्ञानी हैं, वे केवल शरीर को देखते हैं, और जब यह शरीर विनष्ट हो जाता है, तो समझते हैं कि सब कुछ नष्ट हो गया। लेकिन वास्तविकता यह नहीं है। शरीर के विनष्ट होने पर आत्मा तथा परमात्मा का अस्तित्व बना रहता है, और वे अनेक विविध चर तथा अचर रूपों में सदैव जाते रहते हैं। कभी-कभी संस्कृत शब्द परमेर का अनुवाद जीवात्मा के रूप में किया जाता है, क्योंकि आत्मा ही शरीर का स्वामी है और शरीर के विनाश होने पर वह अन्यत्र देहांतरण कर जाता है। इस तरह वह स्वामी है। लेकिन कुछ लोग इस परमेश्वर का अर्थ परमात्मा लेते हैं। प्रत्येक दशा में परमात्मा तथा आत्मा दोनों रह जाते हैं। वे विनष्ट नहीं होते। जो इस प्रकार देख सकता है, वही वास्तव में देख सकता है कि क्या घटित हो रहा है।

जीव, अपना भौतिक अस्तित्व स्वीकार करने के कारण अपने आध्यात्मिक अस्तित्व से पृथक स्थित हो गया है। किंतु यदि वह यह समझता है कि परमेश्वर अपने परमात्मा स्वरूप में सर्वत्र स्थित हैं, अर्थात यदि वह भगवान की उपस्थिति प्रत्येक वस्तु में देखता है, तो वह विघटनकारी मानसिकता से अपने आपको नीचे नहीं गिराता, और इसीलिए वह प्रमशः वैकुण्ठ-लोक की ओर बढ़ता जाता है। सामान्यतया मन इंद्रियतृप्तिकारी कार्यों में लीन रहता है, लेकिन जब वही परमात्मा की ओर उन्मुख होता है, तो मनुष्य आध्यात्मिक ज्ञान में आगे बढ़ जाता है।

सूक्ति

भय ही पतन और पाप का मुख्य कारण है।

- स्वामी विवेकानंद

उत्कृष्टता एक शतत प्रक्रिया है कोई दुर्घटना नहीं।

- अब्दुल कलाम

परिवारवाद की जकड़न में फसता लोकतंत्र

सुरेश हिंदुस्तानी

भारत में लोकतंत्र को बचाने के लिए परिवारवाद को राजनीति से अलग करने की जरुरत है, क्योंकि जहां परिवार को आगे बढ़ाने की राजनीति होगी, वहां लोकतंत्र के लिए कोई जगह ही नहीं बचेगी। लोकतंत्र जनता का होता है, जहां जनता को महत्व मिलेगा, वही तो लोकतंत्र है, और जहां परिवार को महत्व दिया जाता हो, वहां तानाशाह जैसी प्रवृति जन्म लेती है। उनको इसका अहंकार भी हो सकता है कि हम तो सत्ता के लिए ही बने हैं और यही अहंकार भारत के लोकतंत्र को कमजोर करता है।

भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है। यह सभी जानते हैं कि भारत में जनता के लिए जनता का ही शासन है। जनता के शासन का सीधा तात्पर्य यही है कि जनता अपने बीच के किसी व्यक्ति को नायक बनाकर अपना प्रतिनिधि बनाती है। लोकतंत्र में जनता की पसंद और नापसन्द को ही महत्वपूर्ण माना जाता है, लेकिन आज हमारे देश में राजनीतिक दल अपने ही परिवार के कुछ लोगों को जबरदस्ती आगे करके नायक बनाने का खेल खेल रहीं हैं। यह खेल निश्चित रूप से लोकतंत्र को कमजोर करने वाला कहा जा सकता है। इस श्रेणी में एक या दो दल नहीं, कमोवेश हर राजनीतिक दल आज परिवा-रवाद की राह का अनुसरण करने के लिए अग्रसर हो रहा है। सवाल यह आता है कि आज नेता का बेटा या बेटी को ही विरासत सौंपने का चलन क्यों बढ़ रहा है, जबकि सारे राजनीतिक दल विशेषकर विपक्षी राजनीतिक दल लोकतंत्र को बचाने का ना-राज बुलंद करने का सब्जबाग दिखा रहे हैं। अभी कुछ दिन पूर्व दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्षी राजनीतिक दलों ने लोकतंत्र बचाने के नाम पर एक रैली की, जिसमें परिवार को राजनीतिक विरासत सौपने की ही राजनीति दिखाई दी। इसका तात्पर्य यही हो सकता है कि अब विपक्षी दल लोकतंत्र के बजाय परिवारवाद को ज्यादा महत्वपूर्ण मान रहे हैं।

लोकसभा चुनाव में सत्ता चाह की रास्ते तलाश करने वाला विपक्ष आज पूरी तरह से परिवारवाद की राजनीति को ही चरितार्थ करने की ओर अग्रसर होता दिखाई दे रहा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की गिरफ़्तारी के पश्चात विपक्षी राजनीतिक दलों की राजनीति परिवार को आगे लाने की कवायद करने वाली ही लग रही है। पहले कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, शिवसेना उद्धव ठ-ाकरे और राष्ट्रीय जनता दल केवल अपने परिवार को ही आगे करके राजनीति करते रहे और आज भी कर रहे हैं, लेकिन अब इस दिशा में आम आदमी पार्टी और झा-रखण्ड मुक्ति मोर्चा भी शामिल हो गयी है। मुख्यमंत्री केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने भी अब सक्रिय राजनीति में कदम रख दिया है। हालांकि वे जनता की सहानुभूति पाने के लिए अरविन्द केजरीवाल के राजनीतिक अस्तित्व को फिर से स्थापित करने का प्रयास करेंगी, लेकिन केजरीवाल पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों पर विपक्ष की ओर से कोई भी बोलने के लिए तैयार नहीं है। जिस भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए आज से एक दशक पूर्व दिल्ली के रामलीला मैदान से पटकथा लिखी गई, आज वही रामलीला मैदान भ्रष्टाचार के आरोप लगने पर केजरीवाल को बचाने का गवाह बना। लोकतंत्र बचाने के नाम पर की गयी इस रैली को किसी आभासी प्रहसन से कम नहीं कहा जा सकता। अगर केजरीवाल ने कुछ किया नहीं होता तो उसे न्यायालय से आरोप मुक्त करके छोड़ दिया जाता। पहले प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत के बाद अब केजरीवाल न्यायिक हिरासत में दिल्ली की तिहाड़ जेल में हैं। ऐसे में यह भी स्पष्ट हो जाता है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल के पास अपने बचाव के लिए ठोस प्रमाण नहीं हैं। यह बात सही है कि एक समय दिल्ली की जनता भ्रष्टाचार और वर्तमान राजनीतिक कार्य प्रणाली से बहुत त्रस्त हो गई थी, ऐसी स्थिति में जनता को केजरीवाल में एक नायक दिखाई दिया, जो जननायक बनने की श्रेणी में आ सकता था, लेकिन जब उन पर और उनके मंत्रियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगने लगे, तब इस पटकथा की इबारत बदली हुई सी लगने लगी। अब आप पार्टी के नेता और राज्यसभा के सांसद संजय सिंह दो लाख के निजी मुचलके पर जेल से सशर्त बाहर आए तो उनका स्वागत ऐसे किया गया, जैसे वे आरोप मुक्त हो गए हों। आम आदमी पार्टी के इस प्रकार के चरित्र को देखकर यही कहा जा सकता है कि जो पार्टी राजनीति में बदलाव लाने का सपना दिखाकर मैदान में आई थी, आज वह भी समय के अनुसार बदल गई है। खैरङ्ग यहां परिवारवाद की बात हो रही है। आप नेता संजय सिंह जेल से छूटने के बाद अरविन्द केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से मिलने पहुंचे। यह वाकया निश्चित ही यह संकेत दे रहा है कि अब संभवतः सुनीता केजरीवाल दिल्ली में आम आदमी पार्टी के सपनों को पूरा करने वाली हैं।

यह बात एक दम प्रामाणिक रूप से कही जा सकती है कि भारतीय लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा परिवारवाद है, इस-के बावजूद भी राजनीतिक दल अपने परि-वार तक ही अपने दल को सीमित रखने की कवायद कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में यही कहा जा सकता है कि इन दलों को वास्तविक लोकतंत्र से कोई मतलब नहीं है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद ने तो परिवारवाद की सीमाएं लांघ दी। उन्होंने बिना किसी राजनीतिक योग्यता के एक अनपढ़ पत्नी को राज्य की कमान सौंप दी। अब अपने पुत्रों को गद्दी सौंपने की तैयारी कर रहे हैं। इसी प्रकार दो बार लोकसभा के चुनावों में पराजय की स्थिति में पहुंचाने वाले विरासती पृष्ठभूमि के नेता राहुल गांधी भी परिवारवाद के ही परिचायक हैं। आज भले ही कांग्रेस ने अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष बदल दिया हो, लेकिन वे भी राहुल गांधी को किनारे करने का साहस नहीं दिखा सकते। कांग्रेस के बारे में यही कहा जा सकता है कि वह आज भी परिवारवाद के चंगुल से बाहर नहीं निकल सकी है। कुछ ऐसा ही नहीं, बल्कि इससे ज्यादा परिवार-वाद समाजवादी पार्टी में दीखता है। मुलायम सिंह के परिवार के लगभग सभी सदस्य या तो विधायक और सांसद हैं या रह चुके हैं। बसपा नेता मायावती ने भी अपनी विरासत अपने परिवार को ही सौंपी है। ऐसे उदाहरण से क्षेत्रीय दल भी अछूते नहीं हैं। महाराष्ट्र में शिवसेना उद्धव गुट पर परिवार कायम है तो नेशनल कान्फ्रेंस पर शेख अब्दुल्लाह का परिवार ही कमान संभाल रहा है। खास बात यह है कि यह सभी परि-वार पार्टी के मुखिया ने ही स्थापित किए हैं। लोकतंत्र में ऐसी राजनीति नहीं होना चा-हिए।

भारत में लोकतंत्र को बचाने के लिए परिवारवाद को राजनीति से अलग करने की जरुरत है, क्योंकि जहां परिवार को आगे बढ़ाने की राजनीति होगी, वहां लोकतंत्र के लिए कोई जगह ही नहीं बचेगी। लोकतंत्र जनता का होता है, जहां जनता को महत्व मिलेगा, वही तो लोकतंत्र है, और जहां परिवार को महत्व दिया जाता हो, वहां तानाशाह जैसी प्रवृति जन्म लेती है। उनको इसका अहंकार भी हो सकता है कि हम तो सत्ता के लिए ही बने हैं और यही अहंकार भारत के लोकतंत्र को कमजोर करता है। इसलिए अब इस बात की बहुत आवश्यकता है कि भारत में लोकतंत्र को कायम करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं, नहीं तो जनता के शासन के स्थान पर परिवारवाद के सहारे तानाशाही का राजनीति कायम हो जाएगा।

राशिफल

शुभ संवत 2080 शाके 1945, सौम्य गोष्ठ, चैत्र कृष्ण पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्व शुक्रोदय पूर्व तिथि चर्तुदर्शी, रविवार, पू.मा. पद नक्षत्रे, वृण योगे, विवकरणे, मीन की चंद्रमा, भद्रा सुबह 9/42 तक चर्तुदर्शी क्रत, सर्वार्थ सिद्ध योग 1/55 दोपहर तक तथापि उत्तर दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

आज जन्म लिए बालक का फल.....

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, उत्तम वृत्ति वाला, योगी-भोगी, प्रबल वक्ता-अधिवक्ता, शासक-प्रशासक, उत्तम वृत्ति वाला, धनी-मानी होगा।

मेष राशि - आशानुकूल सफलता के साधन जुटायें तथा संतोषजनक सफलता प्राप्त होगी।

वृष राशि - आय-व्यय एवं व्यवसायिक स्थिति पर नियंत्रण रखें, समय का ध्यान रखें।

मिथुन राशि - अधिकारियों का समर्थन फलप्रद होगा, इष्ट मित्रों से परेशानी होगी।

कर्क राशि - इष्ट मित्र सुखवर्धक होंगे, कुटुम्ब की समस्यायें सुलझेंगी, लाभ होगा।

सिंह राशि - प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी, बड़े लोगों से मेल-मिलाप होगा, हर्षप्रद वातावरण रहेगा।

कन्या राशि - संघर्ष से सफलता मिलेगी, संतोष, व्यवसायिक क्षमता अनुकूल होगी ध्यान दें।

तुला राशि - मान प्रतिष्ठा, प्रभुत्व वृद्धि होगी, कार्यक्षमता बढ़ेगी, समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

वृश्चिक राशि - सामाजिक कार्य में सुधार, कार्यगति में अनुकूलता, इष्ट मित्र सुखवर्धक होंगे।

धनु राशि - अचानक कोई शुभ समाचार प्राप्त होगा, कार्यगति में सुधार तथा चिन्ता होगी।

मकर राशि - स्थिति यथावत रहेगी, सोचे कार्य समय पर पूर्ण होंगे, कार्य बनेंगे।

कुंभ राशि - इष्ट मित्र सुखवर्धक होंगे, शरीर कष्ट, चिन्ता व असमंजस की स्थिति बनेगी।

मीन राशि - इष्ट मित्र सहायक रहेंगे, दैनिक कार्यगति अनुकूल रहेगी, समय स्थिति का लाभ लें।

www.sutrakarsamachar.com
सूत्रकार सब्सक्राइब करें
रांची,शनिवार , 27 अप्रैल2024

न्यूज फ्लैश

10 हज़ार का इनामी बदमाश गिरफ्तार, लूटकांड में था शामिल

मोतिहारी। मोतिहारी पुलिस ने जिले टॉप 20 अपराधियों के लिस्ट में शामिल दस हजार का इनामी कुख्यात अपराधी को समीर खान को गिरफ्तार किया है। समीर की गिरफ्तारी मोतिहारी पुलिस के लिए बड़ी कामयाबी मानी जा रही है। सदर एएसपी शिखर चौधरी ने बताया कि मोतिहारी एसपी कांतेश कुमार मिश्र सूचना मिली कि कुख्यात अपराधी समीर खान को छतौनी थाना क्षेत्र के खोदा नगर में देखा गया। जिसके बाद टीम बना कर छापेमारी करने का निर्देश दिया। इस दौरान गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छतौनी थाना क्षेत्र के खुदानगर में छापेमारी कर कुख्यात अपराधी समीर खान को गिरफ्तार कर लिया। सदर एएसपी शिखर चौधरी ने बताया कि कुख्यात अपराधी समीर खान पर मोतिहारी पुलिस ने दस हजार के इनामी का घोषणा किया था, समीर पर छतौनी थाने में लूट एवं हत्या का मुकदमा दर्ज है। जिसमें काफी दिन से फरार चल रहा था, गिरफ्तार अपराधी समीर खान मूलत बगहा के रामनगर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। पिछले कुछ दिन से वह छतौनी थाना क्षेत्र के खोदा नगर में रह रहा था। छापेमारी टीम में एएसपी के अलावा छतौनी थानाध्यक्ष धनंजय कुमार, पीएसआई मुकेश कुमार सहित छतौनी थाने के पुलिस बल शामिल थे।

स्कूल वाहन में लगी आग, आधा दर्जन बच्चे झुलसे

पटनाः बिहार के सारण जिले के बनियापुर थाना क्षेत्र में एक निजी स्कूल के वाहन में आग लगने की घटना सामने आई है. कोल्हुआ बाजार के पास हुए इस हादसे में आधा दर्जन बच्चे बुरी तरह झुलस गए. ग्रामीणों ने किसी तरह बच्चों को जलते स्कूल वाहन से निकालकर बनियापुर ढलउ इलाज के लिए भती करवाया है.

बच्चों की गंभीर स्थिति को देखते हुए सभी बच्चों को बेहतर इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया गया है. सभी बच्चों का छपरा सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है. मिली जानकारी के अनुसार, बनियापुर थाना क्षेत्र के कोल्हुआ बाजार स्थित न्यू गुरुकुल शिक्षा निकेतन के बच्चे छुट्टी के बाद स्कूल से घर लौट रहे थे.

इसी बीच दाढ़ी बाढ़ी मुख्य सड़क पर स्कूली वैन में किसी तकनीकी गड़बड़ी के कारण आग लग गई. देखते ही देखते आग ने पूरी वैन को अपनी जद में ले लिया. हादसे के समय बच्चे वैन के अंदर ही फंसे रह गए. वे आग की लपटों में खुद को देखकर चीखने-चिल्लाने लगे.

इसके बाद स्थानीय लोगों ने किसी तरह से जलती वैन से बच्चों को निकालना शुरू किया. हालांकि, इस दौरान करीब आधा दर्जन बच्चे बुरी तरह से झुलस गए. घटना की सूचना मिलने पर सदर रउ्र संजय राय ने छपरा सदर अस्पताल पहुंच कर सभी घायलों के बारे में जानकारी ली और चिकित्सकों को बेहतर इलाज का निर्देश दिया.

इस घटना के बाद बच्चों के परिजनों में रोष देखने को मिल रहा है. उनका कहना है कि स्कूल का कोई भी शिक्षक या कोई भी जिम्मेदार व्यक्ति यहां मौजूद नहीं है.

गार्ड ने गर्ल्स हॉस्टल के बीसीए की छात्रा से की छेड़छाड़

सिवानः एसके पुरी इलाके में गर्ल्स हॉस्टल के गार्ड द्वारा वहां रह रही बीसीए की छात्रा से छेड़खानी किए जाने का मामला सामने आया है. पानी का मोटर चालू करने के बहाने कमरे में घुस कर गार्ड ने छात्रा के साथ बदसलूकी की. घटना की शिकायत मिलने पर एसके पुरी पुलिस ने आरोपित गार्ड संजय कुमार को गिरफ्तार कर लिया. वह मूल रूप से भोजपुर का रहने वाला है. थानेदार ने बताया कि कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत कर आरोपित को जेल भेज दिया गया है. मूल रूप से सीवान निवासी पीड़िता एसके पुरी थाना क्षेत्र के विवेकानंद मार्ग स्थित एक हॉस्टल में रहती है. वह प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही है. नौतन में छात्रा से दुराचार आरोपित पकड़ायाः थाना क्षेत्र के एक गांव में एक स्कूली छात्रा के साथ युवक ने जबरन झाड़ी में ले जाकर दुराचार किया. पीड़िता ने थाने में आवेदन देकर उचित कार्रवाई करने की मांग की है. छात्रा ने आवेदन में कहा है कि 12 को वह अपने गांव से पैदल ही पढाई करने के लिए जा रही थी. तभी एक युवक ने उसके साथ छेड़खानी करना शुरू कर दिया. पीड़िता ने जब इसका विरोध किया, तो युवक ने जबरन उसका मुंह दबाकर पास की झाड़ियों की ओर ले गया .

अभिनेत्री नेहा शर्मा ने पिता अजीत शर्मा के निर्वाचन क्षेत्र भागलपुर में वोट डाला

भागलपुर : अभिनेत्री नेहा शर्मा ने शुक्रवार को बिहार के भागलपुर जिले में अपने पिता अजीत शर्मा के निर्वाचन क्षेत्र में अपना वोट डाला। भागलपुर से कांग्रेस प्रत्याशी अजीत शर्मा चुनाव लड़ रहे हैं. वरिष्ठ कांग्रेस नेता, उनकी पत्नी और उनकी बेटी नेहा ने एक मतदान केंद्र पर वोट डालने के बाद अपनी स्याही लगी उंगलियां दिखाईं। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी के बाद, नेहा ने लोगों से वोट देने के अपने अधिकार का प्रयोग करने का आग्रह किया। अपना वोट डालने के बाद नेहा ने एएनआई से कहा, ₹यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है...मैं लोगों से अनुरोध करती हूं कि यह हमारे पास एक बहुत ही महत्वपूर्ण अधिकार है। एक जागरूक नागरिक के रूप में, बाहर निकलें और मतदान करें क्योंकि आपका वोट कीमती है।₹ बिहार की पांच सीटों में से बांका, किशनगंज, कटिहार और पूर्णिया में आज मतदान हो रहा है, उनमें भागलपुर भी शामिल है।

हॉस्टल के गार्ड ने बीसीए की छात्रा से की छेड़खानी, पुलिस ने किया गिरफ्तार

मुजफ्फरपुरः एसके पुरी इलाके में गर्ल्स हॉस्टल के गार्ड द्वारा वहां रह रही बीसीए की छात्रा से छेड़खानी किए जाने का मामला सामने आया है. पानी का मोटर चालू करने के बहाने कमरे में घुस कर गार्ड ने छात्रा के साथ बदसलूकी की. घटना की शिकायत मिलने पर एसके पुरी पुलिस ने आरोपित गार्ड संजय कुमार को गिरफ्तार कर लिया. वह मूल रूप से भोजपुर का रहने वाला है. थानेदार ने बताया कि कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत कर आरोपित को जेल भेज दिया गया है.

मूल रूप से सीवान निवासी पीड़िता एसके पुरी थाना क्षेत्र के विवेकानंद मार्ग स्थित एक हॉस्टल में रहती है. वह प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही है. बताया जाता है कि की रात छात्रा अपने कमरे में थी. इसी बीच रात एक बजे गर्ल्स हॉस्टल का गार्ड संजय बहाने से छात्रा के कमरे में घुस गया और उसके साथ छेड़खानी करने लगा. तभी छात्रा ने शोर मचा दिया और घटना की जानकारी फोन से अपने परिजनों को दी. बाद में इसकी शिकायत एसके पुरी थाने में की गई. उधर, घटना के बाद आरोपित फरार हो गया. मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपित की तलाश कर रही थी. इसी बीच की शाम जैसे ही आरोपित इलाके में आया, पुलिस ने उसे दबोच लिया. वास्तविक एजेंडा तो छूट ही गया अंजुमः जदयू की प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा ने कहा कि राजद द्वारा जारी किया गया परिवर्तन पत्र राजनीतिक झूठ का पिटारा है. इन्होंने अपने पत्र में वास्तविक एजेंडा की तो चर्चा की ही नहीं है, जिस पर उनके माता-पिता ने वर्षों तक काम किया. हकीकत तो यह है कि उनमें कोई परिवर्तन नहीं होने वाला है. जदयू प्रवक्ता ने कहा कि राजद के घोषणा पत्र में कई सारी बातें छूट गई हैं. मसलन, बिहार में जंगलराज फिर से लायेंगे, सारा चारा खा जायेंगे. जाति के नाम पर सबको लड़वायेंगे, नौकरी के बदले जमीन लिखवायेंगे. खुद के लिये अपार सम्पति बनायेंगे, पुन नरसंहार कराएंगे, अपहरण उद्योग को पुन स्थापित करवाएंगे. सामाजिक समीकरण का नारा गढ़ पिछड़ों, वंचित, शोषितों एवं अल्पसंख्यकों के साथ पुनराजनीतिक छल करेंगे. नौकरी के नाम पर सिर्फ अपनी ही जाति पर कृपा बरसाएंगे, अपने नाम पर मिट्टी एवं मॉल की कतार लगाएंगे.

खेतों में गेहूं काटने वाली महिलाएं बिहार में रोजगार को एक बड़ा मुद्दा माना

मधुबनीः लोकसभा चुनाव को लेकर किसानों में उत्साह है. किसान सम्मान निधि, मुफ्त अनाज मिलने से खुश दिखे. खेतों में गेहूं काटने वाली महिलाएं बिहार में रोजगार को एक मुद्दा मानती हैं.

दोपहर 2 बजे तपती धूप में इन तो उनके पति बाहर जाकर मजदूरी नहीं करते. वहीं दूसरी महिला रेखा देवी कहती है सरकार तो मुफ्त अनाज दे रही है मगर बिचौलियागिरी खत्म नहीं हुई. पूरा अनाज आने नहीं देते. निचले स्तर पर भ्रष्टाचार भी एक मुद्दा है. वही खड़े समृद्ध किसान बैद्यनाथ मंडल ने बताया वतर्मान सांसद उनके संबंधी है, फिर भी 5 साल में कभी दिखे नहीं. यही आक्रोश शिवशंकर झा का भी था. वे कहते हैं कि वोट तो जरूर डालेंगे मगर किसे डालेंगे यह आने वाला समय तय करेगा. फिर कहते है जो जीतने के बाद हमें देखने आएगा उसी को मतदान करेंगे. दीप गांव में एक दालान पर 88 वर्ष के बुजुर्ग रतन मंडल के साथ पांच सात लोग बैठे हुए चुनावी चर्चा कर रहे थे. उन्होंने बात करते हुए कहा वोट किसे देंगे यह तो नहीं बताएंगे. लेकिन मतदान अवश्य करेंगे. बगल में बैठे सुशील मंडल ने बताया कि हमें अनाज मिल रहा है. पेंशन मिल रही है. किसान सम्मान निधि मिल रहा है. शिवकुमार मंडल ने कहा कि हम राष्ट्रहित में मतदान करेंगे. दिगंबर मंडल ने कहा कि किसे वोट देंगे मुद्दा यह नहीं है. अब मुद्दा यह है कि हमसे कोई इस बार भी वोट मांगने आएगा या नहीं. बगल में चर्चा को गंभीर रूप से देख रहे युवा वोटर अमरेंद्र मंडल ने बताया कि कोई आए या ना आए मतदान तो करना ही है. रोजगार एक मुद्दा है.

उम्मीद करते हैं केंद्र में मजबूत सरकार बनेगी तो यह भी दूर होगा. आगे बढ़ने पर कचहरी टोल समेत दीप दुर्गा स्थान के समीप पंडित यदुवीर झा, वासुदेव सदाय व प्रकाश झा एक साथ बैठे दिखे. चुनावी मुद्दे की चर्चा होते ही बताया की खुद को बचाने वाली सरकार कुछ नहीं करती. मजबूत सरकार काम करती है. बिहार को विकसित करना है. बिहार को विकसित देखने के लिए हम लोग स्थानीय प्रत्याशी को नहीं देख रहे, सरकार की मजबूती पर वोटिंग करेंगे.

पुलिस ने नशे की हालत में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया

कटिहारः समाहरणालय अवस्थित कार्यालय में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में जिला अन्तर्गत कार्यरत सभी मोबाइल सर्विस प्रोवाइडर के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहूत की गई.

जिसमें जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा चुनाव के दिन बूथों के निकट अधिष्ठापित मोबाइल नेटवर्क में किसी भी प्रकार की समस्या, कॉल ड्राप की समस्या तथा डाटा स्पीड में कमी के कारण चुनाव से संबंधित कार्य प्रभावित न हो इसके संबंध में सभी मोबाइल नेटवर्क सर्विस प्रोवाइडर के साथ समीक्षा की गई. उक्त क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा निर्देशित करते हुए कहा कि लोकसभा निर्वाचन 24 को स्वच्छ, निष्पक्ष, भयमुक्त, पारदशी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव सम्पन्न कराना जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता है. जिसको ध्यान में रखते हुए जिलान्तर्गत बनाए गए सभी मतदान केंद्र के 50 प्रतिशत मतदान केन्द्रों का वेब टेलीकास्ट किया जायेगा. चुनाव के निर्धारित तिथि को बूथों के निकट अधिष्ठापित मोबाइल नेटवर्क में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो जिसके कारण काल ड्राप, डटा स्पीड के कमी के कारण लाईव वेबकास्टिंग का कार्य प्रभावित हो जाए. उक्त को ध्यान में रखते हुए मतदान के दिन संभावित उत्पन्न समस्याओं को चिन्हित कर चुनाव प्रारंभ होने के पूर्व उनका निदान कर बूथों के निकट संचालित मोबाइल नेटवर्क को दुरुस्त किया जाये.

अमदाबाद चरक डंडी पूजा हुई आयोजितः प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर पंचायत एवं प्रखंड के कई क्षेत्रों में चरक डंडी पूजा की जाती है. पूजा कमेटी के अध्यक्ष गुरु प्रसाद रजक ने बताया कि यह पूजा मसान काली चैत माह के अंत में यह पूजा की जाती है. यह चरक डंडी पूजा में डंडी नुमा बनाकर घुमाया जाता है. एवं डंडी में घूमते समय प्रसाद एवं कई जोड़े कबूतर लुटाया जाता है. यह परंपरा बरसों से होता आ रहा है. इसे देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग एकत्रित होते हैं.

इस अवसर पर मेला भी लगता है. मौके पर मुख्य पार्षद बबलू मंडल अपने कई पार्षद सदस्य के साथ संदीप मंडल सहित दजर्नों श्रद्धालु मौजूद थे.

दियारा क्षेत्र के लोग आर्सेनिकयुक्त पानी पीने को मजबूर

मुंगेरः आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी जिले के गंगा नदी से सटे दियारा इलाकों में आमलोगों को शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हुई है. हालात ऐसी है कि कहीं आयरन तो कहीं आर्सेनिक पानी अब भी पीने को लोग मजबूर हं.

गौरतलब है कि आयरन एवं आर्सेनिक पानी पीने से स्वास्थ पर काफी प्रतिकुल असर पड़ता है. खासकर नौनिहालों की जीवन खतरे में रहता है. ज्यादातर बच्चे कुपोषण के शिकार हो जाते हैं. तारापुर दियारा पंचायत की बात करें तो यहां कि फुलकिया व दिवानी टोला में कई लोग कम उम्र में ही केंसर से पीड़ित हैं तो कई लोगों की मृत्यु भी हो गई है. आर्सेनिक पानी से हो रहे बीमारियों से लोग सहमे रहते हैं. दियारा क्षेत्र के लोग कई वर्षों से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराए जाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक लोगों की मांगों को दरकिनार कर दिया जाता है. अब जबकि लोक सभा चुनाव सामने हैं तो ऐसे में दियारावासी अपने गांव में नेताओं के आने का इंतजार भी कर रहे हैं. लोग अपनी मांगों से नेताओं को अवगत कराने के लिये भी व्याकुल है.

तारापुर दियारा में है आर्सेनिक की सबसे ज्यादा समस्या

कुपोषण और कैंसर जैसी बीमारी से पीड़ित हो रहे लोग

दूर से पानी लाकर प्यास बुझाते हैं दियारा के लोग

मुख्यमंत्री पेयजल निश्चय योजना का शत प्रतिशत लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है. यहां के पानी में 110 प्रतिशत आर्सेनिक है. जिसका प्रतिकुल असर गांव के बच्चों के साथ ही सभी वर्गों के लोगों पर पड़ रहा है. लगाए गए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट हाथी का दांत साबित हो रहा है. - घनश्याम मंडल, दिवानी टोला.

जिस पानी से कपड़ा साफ करने पर कपड़ा पीला हो जाता है, उस पानी से स्वास्थ्य पर कितना असर पड़ सकता है, यह अंदाज लगाया जा सकता है. पानी की गुणवत्ता काफी खराब है. जिसका स्वास्थ्य पर ज्यादा असर पड़ता दिख रहा है. नल जल व्यवस्था भी सही नहीं है. - शारदा देवी, पंच दिवानी टोला.

नलजल व्यवस्था सिर्फ देखने के लिये रह गई है. पीने के लिये पानी बाहर से लाना पड़ता है. जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. इस ओर न ही कोई अधिकारी और न ही कोई जनप्रतिनिधि ही विशेष ध्यान दे रही है. यहां की जनता भगवान भरोसे है. पानी सुद्ध नहीं मिलने से लोगों को परेशानी हो रही है.

सीआरपीएफ जवान के घर से देर रात 5 लाख की चोरी हुई

गोपालगंजः

घोसी थाना क्षेत्र के डैडी गांव में की रात चोरों ने एक सीआरपीएफ जवान के घर को निशाना बनाया है. घर में सोयी महिला को बाहर से बंदकर सोने के गहने, पीतल के बर्तन, महंगे कपड़े सहित करीब 5 लाख रुपये की संपत्ति चुरा लिये. इस सिलसिले में पीड़ित राजेंद्र दास ने बताना है कि उसका बेटा सीआरपीएफ में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत है और उनकी पुत्रवधू घर में उनके साथ रहती है. वे की रात भोजन कर दालान पर सोने चले गए इसी दौरान चोरों ने सीढ़ी के सहारे छत के रास्ते घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है. उन्होंने बताया कि घर में सो रही पुत्रवधू के कमरे को चोरों के द्वारा बाहर से लॉक कर दिया गया ताकि वह बाहर न निकले. बाद में इत्मीनान से घर में रखे सोने के गहने, पीतल के बर्तन, महंगे कपड़े समेत अन्य जरूरी कीमती सामान चोरों ने चुरा ले भागा. पीड़ित व्यक्ति के द्वारा इसकी लिखित शिकायत स्थानीय थाने में की गई है. राजेंद्र दास का बेटा सुबोध कुमार सीआरपीएफ में कार्यरत हैं. घर में उनकी पत्नी और पिता रहते हैं. रात में महिला अकेले रहती थी. इसका फायदा उठाकर चोरों ने इस घटना को अंजाम दिया है. थानाध्यक्ष ओमप्रकाश ने बताया कि पीड़ित व्यक्ति की शिकायत के आलोक में मामले की जांच कर रही है.हादसे में घायल किशोर की हुई मौतः सड़क दुर्घटना में घायल 17 वषीय सुनील कुमार का इलाज पीएमसीएच में की जा रही थी. इलाज के दौरान की सुबह उक्त किशोर की मौत हो गई. मृत्यु के बाद परिजनों ने शव को लेकर कुबडी गांव पहुंचे. बता दें कि कुछ दिन पूर्व शहर तेलपा थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में उक्त किशोर जख्मी हो गया था.

शहरतेलपा थाने की पुलिस कुबडी गांव पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया. उसके बाद शव को परिजनों को सौंप दी. इस मामले में मृतक सुनील कुमार के भाई अनिल कुमार के बयान पर शहरतेलपा थाने में घटना स्थल से बरामद मोबाइल नंबर पर प्राथमिकी दर्ज की गई है. शहर तेलपा थाना अध्यक्ष ने बताया कि 9 को सड़क दुर्घटना हुई थी जिसमें सुनील कुमार जख्मी हुए थे. इस मामले में घटनास्थल से बरामद मोबाइल के नंबर पर प्राथमिकी दर्ज की गई है एवं पूरी मामले की जांच की जा रही है.

मौसेरे भाइयों की बाइक हाइवा से टकराई, एक की हुई मौत

नालंदाः नालंदा से अपने रिश्तेदार के घर दनियावां आ रहे दो मौसेरे भाइयों की बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई. जिसमें एक की मौत हो गई. जबकि दूसरे की हालत गंभीर है. मृतक की पहचान नालंदा के हिलसा थाना क्षेत्र के गन्नीपुर निवासी अंकित कुमार (21) , पिता शिव कुमार के रूप में हुई है. वहीं गंभीर रूप से घायल अमन कुमार, पिता मिथलेश कुमार अकैड गांव का रहने वाला है. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया.

दनियावां-हिलसा मार्ग पर बाइक सवार ने शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के बाहर सड़क किनारे खड़े हाइवा में टक्कर मार दिया. जिससे बाइक सवार दोनों मौसेरे भाई अंकित और अमन गंभीर रूप से घायल हो गए. सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को दनियावां पीएचसी में भती कराया. प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को पटना रेफर कर दिया गया. इलाज के दौरान अंकित कुमार की मौत देर रात हो गई. वहीं अमन कुमार की स्थिति गंभीर बनी हुई है.

दूल्हे की कार दुर्घटनाग्रस्तः

एनएच-31 बाईपास पर टायर फटने से दूल्हे की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई. हादसे में दूल्हा अभिषेक कुमार तथा उसके दो रिश्तेदारों को चोटें आई हैं. हालांकि सभी की स्थिति ठीक बताई जा रही है. अथमलगोला के बुढ़रा गांव से बारात लखीसराय के अशोकधाम जा रही थी. अशोक धाम में ही शादी होनी थी.

एक युवक को घर से बुलाकर चाकू घोंपकर कर बेरहमी से की हत्या

सिवानः थाना क्षेत्र के खरगी रामपुर गांव से आगे हरपुर गांव के समीप की देर रात एक युवक को घर से बुलाकर चाकू घोंपकर कर बेरहमी से हत्या कर दी गई. मृतक की पहचान जामापुर गांव के बहारन मियां के 26 वषीय पुत्र दिलशाद अहमद के रूप में की गई है.

घटना की जानकारी परिजनों को तब हुई, जब सुबह सड़क पर टहलने के लिए लोग घर से बाहर निकले थे. खून से लथपथ हालत में शव को देखकर ग्रामीणों ने शोर मचाना शुरू कर दिया. सूचना के बाद मौके पर परिजन बदहवास हालत में पहुंचे. परिजनों से शव की शिनाख्त करते हुए इसकी सूचना थानाध्यक्ष राकेश कुमार को दी. सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन में शुरू कर दी. थानाध्यक्ष ने बताया कि परिजनों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है. इस घटना की संयुक्त आरोपियों के विरुद्ध पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी.

आधी रात को फोन आने के बाद घर से निकला था युवक थाना क्षेत्र के जामापुर में हुई युवक की हत्या के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया. जबकि परिजनों ने पुलिस को बताया कि की रात एक बजे उसको किसी ने फोन करके बुलाया. जब परिजनों की नींद खुली तो वह बाहर जाने की बात कह कर घर से निकल गया. पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि आखिर उसे फोन करने वाला कौन था. वहीं परिजनों से पूर्व में विवाद, हत्या के कारण, आपसी विवाद, प्रेम प्रसंग का मामला, लेने- देन का कहीं विवाद तो नहीं है. परिजनों ने कहा कि वह चिकेन शॉप की दुकान चलाता था.

www.sutrakarsamachar.com
सूत्रकार सब्सक्राइब करें
रांची,शनिवार , 27 अप्रैल2024

आत्मविश्वास से ओतप्रोत दिल्ली कैपिटल्स का सामना खराब फार्म से जूझ रही मुंबई से

नयी दिल्ली

ऋषभ पंत के शानदार फॉर्म और बेहतरीन कप्तानी से आत्मविश्वास से ओतप्रोत दिल्ली कैपिटल्स शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग में खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस से खेलेगी तो उसका लक्ष्य जीत की लय को कायम रखने का होगा।

दिल्ली कैपिटल्स ने टूर्नामेंट में टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए कई मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की तो कई में शमर्नाक हार भी झेली। पिछले चार मैचों में से तीन जीतकर हालांकि वह अंकतालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई और मुंबई को हराने पर प्लेआफ का उसका दावा पुख्ता हो जायेगा। दूसरी ओर खराब शुरूआत के बाद मुंबई ने अगले चार में से तीन मैच जीते लेकिन पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स से नौ विकेट से हार गई। अंकतालिका में आठवें स्थान पर काबिज मुंबई के लिये अब एक हार भी भारी पड़ सकती है। दिल्ली के लिये सबसे सकारात्मक बात कप्तान ऋषभ पंत का फॉर्म रही है जो मैच दर मैच निखरते जा रहे हैं। विकेट के पीछे उनका प्रदर्शन लाजवाब रहा है और बल्लेबाजी में खुलकर खेल रहे हैं। गुजरात टाइटंस के

खिलाफ बुधवार को उन्होंने मैच जिताने वाली नाबाद पारी खेली। संजू सैमसन, दिनेश कार्तिक और ईशान किशन से कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद टी20 विश्व कप की टीम में उनका जगह बनाना तय लग रहा है।

जैक फ्रेसर मैकगुर्क के रूप में दिल्ली को शीर्षक्रम का अच्छा बल्लेबाज मिला है लेकिन सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव से बेहतर प्रदश्रन की उम्मीद है क्योंकि इंपैक्ट सब्स्टीट्यूट के रूप में उनकी जिम्मेदारी सिर्फ बल्लेबाजी की है। पिछले मैच में डेविड वॉर्नर की जगह खेलने वाले शाई होप कोई कमाल नहीं कर सके लिहाजा आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज की टीम में वापसी हो सकती है। ट्रिस्टन स्टब्स प्रभावी रहे हैं जबकि गुजरात के खिलाफ बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आने वाले अक्षर पटेल ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। कुलदीप यादव और अक्षर ने स्पिन गेंदबाजी का कमाल दिखाया है लेकिन दिल्ली के तेज गेंदबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। तेज गेंदबाज एनरिच नॉकिर्या ने 14 के आसपास के इकॉनॉमी रेट से रन दिये हैं। खलील अहमद, मुकेश कुमार और ईशांत शर्मा भी प्रभावी नहीं रहे हैं।

मुंबई इंडियंस ने इस सत्र में पहली जीत दिल्ली के खिलाफ ही दर्ज की थी और कप्तान हार्दिक पंड्या उसे दोहराना चाहेंगे। रोहित शर्मा, सूयर्कुमार यादव और तिलक वर्मा ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि टिम डेविड, ईशान किशन और हार्दिक बड़ी पारियां नहीं खेल सके हैं।

गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह ट्रंपकार्ड रहे हैं जिन्होंने छह के करीब की औसत से 13 विकेट लिये हैं। दक्षिण अफ्रीका के गेराल्ड कोएत्जी ने 10.10 की इकॉनॉमी रेट से 12 विकेट लिये हैं।

टीमें :

मुंबई इंडियंसः हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूयर्कुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका , मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड।

दिल्ली कैपिटल्सः ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश ढुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्टवाल, एनरिक नोकिर्या, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा, शाई होप। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3:30 पर शुरू होगा।

न्यूज फ्लैश

नडाल मैड्रिड ओपन के दूसरे दौर में

मैड्रिड

रफेल नडाल ने अमेरिकी युवा डारविन ब्लांच को हराकर मैड्रिड ओपन टेनिस के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। इस साल एटीपी टूर पर दूसरा मैच खेल रहे नडाल ने अपने से 21 साल छोटे प्रतिद्वंद्वी पर 6.1, 6.0 से जीत दर्ज की। चौदह बार के फ्रेंच ओपन चैम्पियन नडाल की नजरें अगले महीने होने वाले इस ग्रैंडस्लैम में खिताबी जीत पर लगी है। पिछले साल कूल्हे का आपरेशन कराने वाले 22 साल के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन ने कहा था कि 2024 टूर पर उनका आखिरी साल होगा। अन्य मुकाबलों में फेलिक्स आगर एलियास्सिमे ने योशिहितो निशिओका को 4.6, 6.1, 6.4 से हराया। वहीं लोरेंजो सोनेगो ने रिचर्ड गास्केट तो 6.2, 7.5 से मात दी। ब्राजील के थियागो मोंटेइरो ने डुसान लाजोविच को 6.4, 6.3 से हराया और अब वह स्टेफानोस सिटसिपास से खेलेंगे। महिला वर्ग में इगा स्वियातेक ने वांग शियू को 6.1, 6.4 से हराया। अमेरिका की कोको गाफ ने अरांतजा रूस को 6.0, 6.0 से मात दी। पूर्व नंबर एक नाओमी ओसाका को 15वीं वरीयता प्राप्त लियुडमिला सैमसोनोवा ने 6.2, 4.6, 7.5 से हराया।

भारतीय पुरूष टीम की नजरें थॉमस कप खिताब बरकरार रखने पर

चेंगडू (चीन)

भारतीय पुरूष बैडमिंटन टीम शनिवार से शुरू हो रहे थॉमस कप में एकल खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन के दम पर खिताब बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी जबकि उबेर कप में पी वी सिंधू के बिना युवा महिला टीम की नजरें भी अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ने पर लगी होंगी। दो साल पहले भारत ने पहली बार थॉमस कप जीतकर तहलका मचा दिया था। पुरूष वर्ग में यह टूर्नामेंट टीम विश्व चैम्पियनशिप की तरह है। अपेक्षाओं के दबाव के बिना भारत ने दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों को हराकर भारतीय बैडमिंटन के इतिहास का सुनहरा अध्याय लिखा। अब एक बार फिर उन पर इस प्रदर्शन को दोहराने का दबाव होगा। भारत को ग्रुप आफ डैथ मिला है जिसमें कई बार की विजेता इंडोनेशिया, थाईलैंड और इंग्लैंड है। भारत को पहला मुकाबला थाईलैंड से खेलना है जिसमें मौजूदा विश्व चैम्पियन कुंलावुत वितिदसर्न और युवा पी तीरारात्साकुल हैं। तीसरी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया की टीम में जोनाथन किस्टी और एंथोनी जिंटिंग जैसे सितारे हैं जो मार्च में आल इंग्लैंड फाइनल्स खेल चुके हैं। इनके अलावा मुहम्मद रियान अदिर्यांतो और फजर अल्फियान की सातवीं रैंकिंग वाली जोड़ी भी टीम में है। भारत के एच एस प्रणय ने कहा ,ह्यह्य यह वर्ष कठिन होगा। मौजूदा फॉर्म को देखते हुए अधिकांश टीमों में तीन मजबूत एकल खिलाड़ी और दो युगल खिलाड़ी हैं। दो साल पहले निर्णायक पांचवां एकल मुकाबला जीतने वाले प्रणय इस सत्र के पहले हाफ में फिटनेस समस्याओं से जूझने के बाद आये हैं। उन्होंने हालांकि हाल ही में चीन के लू गुआंग जू को हराकर फॉर्म में लौटने के संकेत दिये हैं ।लक्ष्य सेन फ्रेंच ओपन और आल इंग्लैंड में सेमीफाइनल तक पहुंचे। दो साल पहले सभी छह मैच जीतने वाले किदाम्बी श्रीकांत 2022 राष्ट्रमंडल खेल और 2023 एशियाई खेलों में टीम चैम्पियनशिप फाइनल हार गए थे। तीसरे एकल की जिम्मेदारी प्रियांशु राजावत को भी दी जा सकती है जो बैंकाक में टीम का हिस्सा थे और पिछले साल ओरलियंस सुपर 300 खिताब जीता। युगल में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने विश्व टूर पर लगातार चार फाइनल जीते हैं। उनके अलावा ध्रुव कपिला और अर्जुन एमआर दूसरी जोड़ी होगी। उबेर कप में अष्मिता चालिहा भारत की युवा टीम की अगुवाई करेगी। भारत के धुरंधर खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर खेलने के लिये इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रहे हैं। भारत को ग्रुप ए में कनाडा, चीन और सिंगापुर के साथ रखा गया है। टीम में चालिहा के अलावा राष्ट्रीय चैम्पियन अनमोल खरब, ईशारानी बरूआ और तन्वी शर्मा हैं।

विश्व कप : ज्योति, सुरेखा कंपाउंड मिश्रित टीम फाइनल में , तीरंदाजों की नजरें चार स्वर्ण पर

शंघाई

ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा की कंपाउंड मिश्रित टीम ने तीरंदाजी विश्व कप के फाइनल में पहुंचकर शुक्रवार को भारत का चौथा पदक पक्का कर दिया। दुनिया की दूसरे नंबर की टीम ने पांच ही अंक गंवाते हुए मैक्सिको की आंद्रिया बेसेरा और लोट मैक्सिमो मेंडेज ओर्टिज को 155.151 से हराया। अब उनका सामना एस्तोनिया से होगा। ज्योति महिला कंपाउंड टीम में भी शामिल है जो बुधवार को फाइनल में पहुंच गई। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति पदक की हैट्रिक की दौड़ में है। भारतीय तीरंदाज चार टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंच गए और कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में ज्योति तथा प्रियांश सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक की दौड़ में हैं। भारतीय टीम कंपाउंड पुरूष, महिला, मिश्रित और पुरूष रिकर्व टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंची है। रिकर्व व्यक्तिगत वर्ग के एलिमिनेशन दौर के मुकाबले आज ही होंगे। ज्योति और वर्मा को पहले दौर में बाय मिला था जिसके बाद उन्होंने 160 में से 160 अंक बनाकर आस्ट्रेलिया की जॉजिर्या ग्राहम और ब्रेंडन हावेस को आठ अंक से हराया। इसके बाद उन्होंने लक्जेमबर्ग की मारिया श्कोल्ना और जिलेस सेवर्ट को 155.151 से मात दी।

आज रात अच्छी नींद लूंगाः आरसीबी कप्तान फाफ डुप्लेसी

हैदराबाद,

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने गुरुवार को यहां आईपीएल मैच में सनराइजर्स हैदराबाद पर 35 रन की जीत से छह मैच की हार के सिलसिले को तोड़ने के बाद राहत महसूस की। मैच के बाद उन्होंने कहा, ह्यह्यपिछले दो मैचों में हमने चुनौती देने के शानदार संकेत दिये। केकेआर के खिलाफ भी हम एक रन से हार गये थे। पिछले कुछ समय से हम मुकाबलों में करीब थे। लेकिन आपको आत्मविश्वास हासिल करने के लिए मैच जीतने की जरूरत होती है। आज रात हम अच्छी नींद लेंगे। विराट कोहली उनके लिए शीर्ष स्कोरर रहे हैं। लेकिन डुप्लेसी इस बात से खुश हैं कि अन्य बल्लेबाज भी तेजी से रन बना रहे हैं। उन्होंने कहा, प्रतिस्पर्धी इतनी ज्यादा है। टीमें इतनी मजबूत हैं कि अगर आप शत प्रतिशत नहीं दोगे तो आपको नुकसान होगा। अब टीम के अन्य खिलाड़ी भी रन बन रहे हैं। टूर्नामेंट के पहले हिस्से में केवल विराट रन बना रहे थे।

आरसीबी की हार का सिलसिला खत्म होने से मिली राहतः डुप्लेसी

हैदराबाद,

आईपीएल 2024 में सबसे खतरनाक अंदाज में नजर आ रही सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को हराकर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने अपनी छह मैचों की हार का सिलसिला खत्म किया। राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में हैदराबाद के खिलाफ 35 रन की जीत के साथ आरसीबी ने आईपीएल 2024 में अपनी दूसरी जीत हासिल की।

उनकी पिछली जीत ठीक एक महीने पहले चिन्नास्वामी स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ हुई थी, जहां उन्होंने 177 रनों का सफलतापूर्वक पीछा किया था। अपनी दूसरी जीत के बाद कप्तान फाफ डुप्लेसी ने राहत की सांस ली है।

डुप्लेसी ने कहा, ₹पिछले दो मैचों में हमने अच्छी लड़ाई दिखाई है। हैदराबाद वाला मैच 270+ था और हम 260 तक पहुंच गए, फिर केकेआर मैच भी, केवल एक रन से हारे। हम कुछ समय से करीब हैं लेकिन ग्रुप में आत्मविश्वास लाने के लिए आपको मैच जीतने की जरूरत होती है।"

हमारे लिए बड़ी जीत। जब आप जीत नहीं रहे होते हैं तो यह आपको मानसिक रूप से प्रभावित करता है, यह आपके आत्मविश्वास को प्रभावित करता है। आज की रात मैं अच्छे से सो पाउंगा।₹एकमात्र चीज जो आत्मविश्वास देती है वह है प्रदर्शन। प्रतियोगिता के पहले भाग में हमें लगा कि हम अपनी क्षमता के क़रीब नहीं हैं। और जब आप 50 प्रतिशत या 60 प्रतिशत पर खेल रहे होते हैं, तो आपको आत्मविश्वास नहीं मिलता है। प्रतियोगिता काफ़ी कड़ी है, टीमें काफ़ी मज़बूत हैं तो यदि आप 100 प्रतिशत पर नहीं होंगे तो आपको मुश्किल होगी।

बंगाल प्रो टी20 लीग का उद्घाटन संस्करण 11 से 28 जून तक

नई दिल्ली

बंगाल प्रो टी20 लीग का उद्घाटन संस्करण 11 से 28 जून तक कोलकाता में खेला जाएगा। लीग में 8 टीमें बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए तैयार हैं। लीग की परिकल्पना आईपीएल की तर्ज पर की गई है जिसमें पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में 8 फ्रेंचाइजी टीमें शामिल हैं। पुरुषों के मैच 11 जून को ईडन गार्डन्स में और महिलाओं के मैच 12 जून को जादवपुर यूनिवसिटी, साल्ट लेक कैंपस ग्राउंड में शुरू होंगे। प्रत्येक टीम एक-दूसरे के खिलाफ एक बार खेलेगी। लीग के पहले दिन शाम को केवल 1 पुरुष मैच होगा और महिलाओं के मैच अगले दिन से शुरू होंगे। और वहां से हर दिन दो मैच खेले जाएंगे। सवोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड के मार्केटिंग प्रमुख ऋषभ भाटिया ने एक बयान में कहा, ह्लसवोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड, जिसे हाल ही में बंगाल प्रो टी20 लीग की एक टीम के फ्रेंचाइजी मालिक के रूप में शामिल किया गया है, खेल क्षेत्र में अपना कायर्काल शुरू करने के लिए उत्साहित है। हम बंगाल प्रो टी20 लीग के माध्यम से खेल के क्षेत्र में कदम रखने को लेकर रोमांचित हैं। यह उद्यम न केवल ईवी चार्जिंग और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है, बल्कि खेल के दुनिया में एक प्रमुख व्यक्ति के रूप में उभरने की हमारी आकांक्षा को भी रेखांकित करता है।

लक्ष्य का पीछा करने में हैदराबाद अपना दृष्टिकोण बदले : वेटोरी

हैदराबाद,

सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ हार का सामना करने के बाद, मुख्य कोच डैनियल वेटोरी ने खिलाड़ियों से न केवल बोर्ड पर बड़े स्कोर बनाने पर ध्यान केंद्रित करने, बल्कि लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करने पर भी ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। आरसीबी ने अपने घरेलू मैदान राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में एसआरएच को 35 रनों से हराकर हैदराबाद का लगातार चार मैचों की जीत का सिलसिला तोड़ दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी ने रजत पाटीदार के 19 गेंदों में अर्धशतक और विराट कोहली के 51 रनों की बदौलत 20 ओवरों में कुल 206/7 रन बनाए।

यह देखते हुए कि हैदराबाद ने इस सीज़न में दो सबसे बड़े स्कोर बनाए थे, और यह उनके लिए इस बार एक

लक्ष्य था, लेकिन वे कोई भी गति हासिल करने में विफल रहे और उन्हें सीज़न की अपनी तीसरी हार का सामना करना पड़ा।

वेटोरी ने हार से सीख लेने पर जोर दिया और टीम से चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आगामी मैच पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। वेटोरी का मानना था कि लक्ष्य का पीछा करने का दृष्टिकोण अलग होना चाहिए लेकिन वह अपनी टीम की आक्रामक खेल शैली को बदलना नहीं चाहते हैं।

विटोरी ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ₹मुझे लगता है कि आप जानते हैं, हम लक्ष्य निर्धारित करने में सफल रहे हैं, और अब हमें लक्ष्य का पीछा करने के अपने तरीके पर ध्यान देना होगा, और हम चेन्नई में एक बहुत अच्छी टीम के खिलाफ आएंगे। और इसलिए, मुझे लगता है कि हमें इस खेल से खुद को दूर करना होगा और यह समझते हुए कि चेपॉक विकेट अलग होगा, और हमें इसके बारे में अलग तरीके से जाना होगा, इसलिए हमारे पास इसे लागू करने के लिए केवल कुछ दिन हैं, लेकिन मैं अभी भी इस मैदान पर सतह के बारे में सोचता हूं , हमें आक्रामक होना होगा और मैच को जीतना होगा।₹

आठ मैचों में अपनी तीसरी हार के बावजूद हैदराबाद अंक तालिका में तीसरे स्थान पर मजबूती से कायम है और उसका अगला मुकाबला रविवार को चेपॉक में चेन्नई सुपर किंग्स से होगा।

स्क्वैशः सेंथिलकुमार, आकांक्षा पीएसए चैलेंजर टूर इवेंट के क्वार्टरफाइनल में

नई दिल्ली, शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी वेलवन सेंथिलकुमार ने पेरिस में चल रहे 12,000 अमेरिकी डॉलर ईनामी पीएसए चैलेंजर टूर इवेंट, बैच ओपन स्क्वैश के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। वेलवन ने प्री क्वार्टरफाइनल में सीधे गेम में फ्रांसीसी खिलाड़ी माटेओ कारूगेट को हराया सेंथिलकुमार ने शुरुआती दौर में बाई मिलने के बाद गुरुवार को दूसरे दौर में कैरौगेट को 29 मिनट तक चले मुकाबले में 11-4, 11-6, 11-7 से हराया। क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला पांचवीं वरीयता प्राप्त चेक गणराज्य के जैकब सोलनिकी से होगा। वहीं, राष्ट्रीय खेलों की महिला चैंपियन आकांक्षा सालुंखे ने अमेरिका के स्प्रिंगफील्ड में चल रहे 20,000 अमेरिकी डॉलर के पीएसए चैलेंजर टूर इवेंट, एक्सप्रेशन सेंट जेम्स ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में 70वें स्थान पर मौजूद सालुंखे ने पहले दौर में बाई के बाद दूसरे दौर में ग्वाटेमाला की विनिफर बोनिला को 25 मिनट में 11-8, 11-2, 11-9 से हराया। चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय का अगला मुकाबला यूक्रेन की पांचवीं वरीयता प्राप्त अलीना बुशमा से होगा।

हैदराबाद पर 35 रनों की जीत के साथ बेंगलुरू ने प्लेऑफ की उम्मीद को रखा जिंदा

हैदराबाद,

विराट कोहली (51), रजत पाटीदार (50) और कैमरन ग्रीन (37) की आतिशी पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 41वें मैंच में सनराइजर्स हैदराबाद को 35 रनों हरा दिया है। इस जीत के साथ ही आरसीबी ने शीर्ष चार में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा है।

207 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में ट्रैविस हेड (1) का विकेट गवां दिया। उसके बाद चौथे ओवर में अभिषेक शर्मा 13 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए 31 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। एडन मारक्रम (7), नितीश कुमार रेड्डी (13), हाइनरिक क्लासन (7), अब्दुल समद (10), भुवनेश्वर कुमार (13) रन बनाकर आउट हुये। हैदराबाद के बल्लेबाजों विकेट गिरने के बावजूद 10 रनों की औसत को बनाये रखा। लेकिन लगातार गिरते विकेटों के कारण वे आखिरी ओवरों में 10 रनों की औसत काम

कामय नहीं रख सके। कप्तान पैट कमिंस ने 15 गेंदों में एक चौका और तीन छक्के लगाते हुये 31 रन बनाये। शाहबाज अहमद 37 गेंदों में 40 रन और जयदेव उनादकट आठ रन बनाकर नाबाद रहे। हैदराबाद की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 171 रन ही बना सकी और मुकाबला 35 रनों से हार गई। बेंगलुरु की ओर से कैमरन ग्रीन, स्वप्निल सिंह और कर्ण शर्मा ने दो-दो विकेट लिये। यश दयाल और विल जैक्स ने एक-एक बल्लेबाज को किया आउट।

इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने सनराइजर्स हैदराबाद को जीत के लिए 207 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां राजीव गांधी अंतरराष ट्रीय स टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। विराट कोहली और फाफ डुप्लेसी की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 48 रन जोड़े। चौथे ओवर में थंगारसु नटराजन ने डुप्लेसी को आउट कर हैदराबाद को पहली सफलता दिलाई। डुप्लेसी ने 12 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 25 रनों की पारी खेली। सातवें ओवर में मयंक मार्कंडेय ने विल जैक्स (6) पर बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। विराट और रजत पाटीदार ने तीसरे विकेट लिये बड़ी साझेदारी करने का प्रयास किया। इसी दौरान 13वें ओवर में उनादकट ने रजत पाटीदार को आउट कर दिया। रजत ने 20 गेंदों में दो चौके और पांच छक्के लगाते हुए 50 रन बनाये। महिपाल लोमरोर (7), दिनेश कार्तिक (11) बनाकर आउट हुये। स्वप्निल सिंह नाबाद 12 रन और कैमरन ग्रीन ने 20 गेंदों में पांच चौकों की मदद से नाबाद 37रन बनाये। बेंगलुरु ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 206 रन बनाये।

सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से जयदेव उनादकट ने तीन विकेट लिये। थंगारसु नटराजन को दो विकेट मिले। पैट कमिंस और मयंक मार्कंडेय ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

वर्ष-59, रजिस्ट्रेशन संख्या : WB HIN/00780 **अखबार के स्वामी** : के के एम पब्लिशर के लिए **मुद्रक एवं प्रकाशक** राजीव नयनम द्वारा प्रकाशित तथा एल.एस. पब्लिकेशन प्रा.लि. 4 केनाल वेस्ट रोड, कोलकाता-15 से मुद्रित और के के एम पब्लिशर, 7 मैंगोलेन (प्रथम तल), कोलकाता-700001 से प्रकाशित.
संपादक- अशोक पांडेय*, फोन- 033-48032897 मेल- sutrakaar.news@gmail.com